CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 27 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –149 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





मप्र में भाजपा को लड़ने के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय
■ लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री ... — पृष्ठ 4

■ ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल
■ नाइजीरिया में सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया — पृष्ठ 9

एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका — पृष्ठ 10

# प्रदेश में 1 नवंबर से होगी धान खरीदी

## कैबिनेट की बैठक में मुहर : प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी सरकार

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। भूपेश कैबिनेट की आज हुई बैठक में चुनाव से पहले कई अहम फैसले लिए गए हैं। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए 1 नबंवर से धान खरीदी होगी। वहीं कैबिनेट की बैठक में 20 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी पर भी मुहर लगी है। इसके साथ ही न्यू स्वागत विहार के पात्र हितग्रहियों को जमीन लौटाने का फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित हुई।बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का के उपार्जन तथा कस्टम मिलिंग की नीति का निर्धारण किया गया। जिसके तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार धान और मक्का का उपार्जन किया जाएगा। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की नगद और लिकिंग में खरीदी एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक की जाएगी। इसी प्रकार खरीफ मक्का की खरीदी एक नवबंर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की जाएगी मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी प्रति एकड़ 20 क्विंटल एवं मक्का प्रति एकड़ 10 क्विंटल लिकिंग सहित् अधिकतम की जाएगी।खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित को धान उपार्जन के लिये शासकीय प्रत्याभूति (राशि 14 हजार 700 करोड़ रूपए) की वैधता एक वर्ष बढ़ाते हुए 31 अक्टूबर 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग से प्राप्त परिणामी चावल के फोर्टिफिकेशन के लिए भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्या. (नेफेड) के माध्यम से फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) की आपूर्ति किये जाने की सहमति प्रदान की गई।



■ स्वागत विहार के हितग्राहियों एमएमको लौटाई जाएगी जमीन

■ व्यापारियों को 54 रु वर्गफीट में जमीन

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा की गई घोषणा के परिपालन में पत्रकारों को नगर विकास योजना क्रमांक-4 कौशल्या माता विहार में मकान खरीदनें पर राज्य शासन की तरफ से 15 प्रतिशत की छूट प्रदान करने का निर्णय का अनुमोदन करते हुए इसके प्रथम स्टेज प्राक्कलन के अनुसार 309 पत्रकारों को दी जाने वाली छूट की राशि 6 करोड़ 37 लाख 20 हजार 450 रूपए रायपुर विकास प्राधिकरण को स्वीकृत किया गया।

ग्राम डूण्डा, सेजबहार एवं बोरियाकला, तहसील व जिला रायपुर में रियल स्टेट प्रोजेक्ट न्यू स्वागत विहार के स्वीकृत अभिन्यास एवं प्रभावितों को प्लाट उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लिया गया कि पूर्व में स्वीकृत 8 ले-आउट को निरस्त किया जाए।न्यू स्वागत विहार कॉलोनी को अनधिकृत कालोनी मानते हुए नियमितीकरण की कार्यवाही की जाए। नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्तावित थोक व्यवसायिक बाजार या कमर्शियल हब परियोजना के आबंटन दर एवं भू-खण्ड आबंटन की प्रक्रिया निर्धारण के संबंध में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के परिपालन में व्यापरियों को 945 रूपए के स्थान पर 540 रूपए प्रति वर्गफीट की दर से भूखण्ड दिया जाएगा। नवा रायपुर प्राधिकरण को होने वाली क्षति की कुल राशि 117.86 करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित, द्वितीय श्रेणी) से वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी राजपत्रित प्रथम श्रेणी) के पद पर पदोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 5 वर्ष में 4 माह का शिथिलीकरण करने का अनुमोदन किया गया।

जनसंपर्क विभाग में अपर संचालक के 3 पद वेतन मैट्रिक्स लेवल-15 (वेतनमान 118500-214100) सृजित करने का निर्णय लिया गय।

राजगामी संपदा की भूमि वाईडनर मेमोरियल स्कूल के लिए भूमि का आबंटन करने का निर्णय लिया गया।रत्नेश्वर कुर्मि क्षत्रिय सेवा संस्थान रतनपुर को शासकीय भूमि आबंटन और व्यवस्थापन में रियायत का निर्णय लिया गया। आवेदक संस्था अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग को आबंटित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना राज्य में हुई शुरू

## अब पत्रकारों को मिलेगा 30 लाख ऋण तक ब्याज अनुदान

**रायपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर अब प्रदेश में पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी।





राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### सुरक्षा परिषद में आज के हिसाब से बदलाव जरूरी : जयशंकर

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजर रही है। उन्होंने भारत की जी-2 अध्यक्षता की तारीफ करते हुए कहा कि हमारी पहल से अफ्रीकन यूनियन संगठन का हिस्सा बना। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जो काफी समय से इसका हकदार रहा है। न्यूयॉर्क में 13 सितंबर से चल रही संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सभी सदस्य देश अपनी बात रखते हैं।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए। छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है।

### लखीमपुर खीरी हिंसा: केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को दिल्ली जाने की छूट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील दे दी। शीर्ष अदालत ने यह ढील उन्हें अपनी बीमार मां की देखभाल और अपनी बेटी का इलाज के लिए दिल्ली जाने और वहां रहने की अनुमति दे दी।

### ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। ज्वेलरी शोरूम के मालिक ने बताया कि करीब 2-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी।

### भाजपा नेता शाहनवाज को आया हार्ट अटैक

**मुंबई।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### एशियाई खेल : भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता सोना

**हांगझोउ।** भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

# प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारी फिक्की अवार्ड से सम्मानित

**रायपुर,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। देश की प्रतिष्ठित फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से अच्छे कार्यों तथा बेस्ट प्रेक्टिसेस पर राज्य के पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में 15 सितम्बर को नई दिल्ली में फिक्की संस्था द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड- 2022 के लिए राज्य के तीन पुलिस अधिकारियों को इस प्रतिष्ठापूर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले अधिकारियों में कम्युनिटी पुलिसिंग केटेगरी में जिला दंतेवाड़ा में चलाये गये लोन वर्राटू कार्यक्रम के लिए दंतेवाड़ा के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव (आईपीएस), जो वर्तमान में जिला कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक हैं, सर्विलेंस एवं मॉनिटरिंग केटेगरी में जिला राजनांदगांव में चलाये गये त्रिनेत्रम अभियान के लिए तत्कालीन नगर पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव एवं वर्तमान नगर पुलिस अधीक्षक, आजाद चौक, रायपुर मयंक गुर्जर (आईपीएस) तथा वूमेन सेफ्टी केटेगरी में राज्यस्तरीय अभिव्यक्ति कार्यक्रम के लिए श्रीमती पूजा अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पुलिस मुख्यालय को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 से सम्मानित किया गया है, जो राज्य पुलिस के लिए गौरव का विषय है।

# रायपुर में तैयार हुई प्रदेश की पहली टेनिस अकादमी

## 3 हजार की दर्शक क्षमता के साथ 4 एकड़ क्षेत्र में 17.75 करोड़ की लागत से निर्मित

**रायपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में खेलों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुसार विश्वस्तरीय खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम के बाद खेलों के लिए अब एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। ये सौगात रायपुर में टेनिस अकादमी के रूप में प्रदेश की जनता को मिलने जा रही है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 27 सितंबर को टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी (छात्रावास एवं प्रशासनिक भवन) का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल तथा लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर के लाभांडी में 17.15 करोड़ रूपए की लागत से तैयार ये टेनिक अकादमी छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी अकादमी होगी।

■ टेनिस अकादमी में है एक मुख्य सिंथेटिक कोर्ट तथा 5 प्रेक्टिस सिंथेटिक कोर्ट

■ आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे लोकार्पण

4 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की गयी टेनिस स्पोर्ट्स अकादमी को तीन मुख्य हिस्सों में विभाजित किया गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के सम्मान

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसी)। फिल्मों में अपनी अदाकारी से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए फिल्मी जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को यह एलान किया है। दादा साहब फाल्के सम्मान का एलान करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि मशहूर अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान के लिए इस साल प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।



2002 में दादा साहब फाल्के सम्मान के लिए चुने गए थे देवानंद- आज हिंदी फ़िल्मों के सदाबहार एक्टर देवानंद का 100वां जन्म दिवस है। आज ही के दिन यानी 26 सितंबर को अविभाजित पंजाब के गुरदासपुर जिले (अब नारोवाल जिला, पाकिस्तान) के शकरगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

मोदी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

# अब कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बोल पा रही भाजपा : भूपेश

रायपुर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को अर्नब नक्सली द्वारा चलाने का आरोप लगाया था। मोदी के इस बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है।उन्होंने कहा भाजपा अब कांग्रेस मुक्त भारत नहीं बोल पा रही है. कांग्रेस ही भाजपा को साफ करती जा रही है। भाजपा को कांग्रेस और राहुल से भय है। राजस्थान, हिमाचल , कर्नाटक में भाजपा को साफ किया। एमपी में केंद्रीय मंत्री, सांसद विधानसभा चुनाव में उतारे जा रहे।बड़े-बड़े दिग्गज उतारे जा रहे। मतलब साफ है कि भाजपा हारने वाली है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज चुनाव अभियान समिति की बैठक प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सभी सदस्य यहां उपस्थित थे।महत्वपूर्ण बात ये है कि लगातार हम लोग भरोसे का सम्मेलन कर रहे हैं और उसमें हमारे नेता आ भी रहे हैं। जबरदस्त उत्साह और लोगों का आशीर्वाद हमारी सरकार को मिल रहा है।भारतीय जनता पार्टी की जहां तक बात है भारतीय जनता पार्टी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

कांग्रेस का प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला

# पीएम को बताया सर्टिफाइड झूठा

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने 51 मिनट के भाषण में 44 बार लिया कांग्रेस का नाम

**ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी**

इसे कहते हैं, नींद हमारी,ख्वाब तुम्हारे। खेडा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री थोडा भी थोडा भी सच बोलना शुरू कर दें तो वे कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि यूपीए सरकार के समय जब महिला आरक्षण विधेयक आया था तो उसके विरोध में अटलबिहारी वाजेपेयी से लेकर लालकृष्ण आडवाणी और जशवंत सिंह तक शामिल थे। 10 साल तक मोदी सरकार को महिला आरक्षण विधेयक का खयाल तक नहीं आया और धृष्टता देखिए कि अब कहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई सर्टिफाइड लायर है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आज तक ऐसी छवि किसी भी प्रधानमंत्री की नहीं थी

**संसद में अभिनेत्रियां आईं थीं, राष्ट्रपति नहीं**

उन्होंने कई अन्य मुद्दों को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहाकि संसद में अभिनेत्रियां तो आती हैं,लेकिन राष्ट्रपति नहीं। क्योंकि वे आदिवासी महिला हैं।

9वां रोजगार मेला

# प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां अंतरिक्ष से खेलों तक अनेक कीर्तिमान बना रही हैं। कुछ दिन पहले ही देश की आधी से ज्यादा आबादी को नारी शक्ति वंदन एक्ट के जरिए बड़ी ताकत मिली है।

आतंकवाद

गैंग में दो महिलाएं भी हैं शामिल, हथियार व गोला बारूद भी बरामद

# बारामुल्ला में पकड़ा गया लश्करे तौयबा का गैंग

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बुधवार को लश्करे तौयबा के एक आतंकवादी और दो महिलाओं सहित पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक किशोर भी शामिल है।

*बारामुल्ला में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बारामुल्ला अमोग नागपुरे ने बताया कि पुलिस ने बारामुल्ला में सक्रिय लश्कर आतंकवादी और पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से ग्रेनेड और पिस्तौल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उनके मुताबिक गिरफ्तारियों का सिलसिला सितंबर में उड़ी में दो संदिग्धों को हिरासत में लिए जाने के बाद शुरू हुआ था। एसएसपी ने बताया कि 21 सितंबर को, बारामुल्ला में पुलिस को विश्वसनीय स्रोतों के माध्यम से पता चला कि यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ में शामिल हो गया है। बाद में उसे टप्पर पट्टन में एमवीसीपी चेकिंग के दौरान 22 तारीख को आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला बारूद के साथ पकड़ लिया गया।*



***आतंकवादियों को भर्ती करने कराने की थी योजना***-*नागपुरे के बकौल, पूछताछ के दौरान, उसने अपने दूसरे सहयोगी का नाम परवेज अहमद शाह बताया। जिसे बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उसके खुलासे पर, उसके कब्जे से 2 हैंड ग्रेनेड भी बरामद किए गए। और मोहम्मद यासीन शाह से पूछताछ के दौरान और उसके खुलासे पर, 1 पिस्तौल, 1 पिस्तौल जंबाजपोरा स्थित उसके घर से मैगजीन और 8 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# 8 नदियों का उद्गम हुआ है नवगठित जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही से

- साल वन से आच्छादित जिले मैं कल कल बहते नदी नाले खूबसूरती में लगाते हैं चार चांद
- पर्यटन को विकसित करने की अपार संभावनाऐं

## पर्यटन दिवस पर विशेष

**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। वर्ष 2021 के 1 एवं 2 सितंबर को जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गौरेला पेंड्रा मरवाही और अमरकंटक आए थे तब उन्होंने अमरकंटक से लगी छत्तीसगढ़ में स्थित ऊंची पहाड़ी राजमेरगढ को तपोवन एवं जिले को पर्यटन जिला घोषित करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर जिला प्रशासन ने काम करना शुरू कर दिया है । जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के नेतृत्व में मजबूत इच्छाशक्ति के साथ इस कार्य में जुटी हुई हैं।

अमरकंटक से लगा छत्तीसगढ़ के 28 जिले गौरेला पेंड्रा मरवाही से लगभग 8 नदियों का उद्गम हुआ है जिसमें सोन ,अरपा, तान, तिपान , बम्हनी,जोहिला, मलानिया, एलान नदी शामिल है तथा इससे भी अधिक नाले इस इलाके में बहते हैं जो गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को हरा भरा एवं खूबसूरत बनाते हैं। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के पश्चिम में अमरकंटक की पहाड़ी पूर्व में बस्ती बंगरा दक्षिण में कारी आम और अचानकमार की पहाड़ियां तथा जंगल और इनमें कल कल बहते नदी नाले गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की खूबसूरती पर चार चांद लगाते हैं। जीने के चारों ओर इस स्थित साल वनों के जंगलों के कारण यह क्षेत्र अभी ठंडे क्षेत्रों में ही आता है। अमरकंटक की तराई में स्थित होने के कारण साथ में 8 नदियों के उद्गम क्षेत्र होने के कारण जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही का भारत के मानचित्र में अपना अलग महत्व है। जिस तरह से हिमालय की तराई में स्थित देवभूमि उत्तराखंड में गंगा जमुना एवं सरस्वती नदियों के उद्गम होने के कारण वहां का पर्यटन अत्यंत विकसित है तथा वहां पर्यटन के माध्यम से लोगों को बड़ा रोजगार मिला हुआ है इस तथ्य को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ठीक ढंग से पहचाना है और यही कारण है कि उन्होंने वर्ष 2020 के 10 फरवरी को जिला गठन के अवसर पर ही पेंड्रा से निकलने वाली अरपा नदी के महत्व को रेखांकित करते हुए पेंड्रा में प्रतिवर्ष अरपा महोत्सव मनाने की परंपरा की शुरुआत की तथा अपने दूसरे प्रवास 1 एवं दो सितंबर 2021 को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को पर्यटन जिला बनाने के साथ यहां पर्यटन विकास की बात कही है जिससे क्षेत्र के उन लोगों में रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद जागी है।



**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को पर्यटन जिला बनाने की घोषणा के बाद जिला प्रशासन है सक्रिय**

दरअसल गौरेला पेंड्रा मरवाही क्षेत्र की बनावट ऐसी है कि यहां से चारों दिशाओं में बहने वाली 8 नदियों का उद्गम हुआ है तथा दर्जनभर से ज्यादा नाले हैं। यह नदियां भारतवर्ष की प्रमुख नदियों को कल कल बनने में सहायता करती है। यहां से निकलने वाली अरपा नदी शिवनाथ नदी की सहायक नदी है वही सोन नदी गंगा नदी की सहायक नदी है। तान एवं बम्हनी नदी हसदेव नदी की सहायक नदी है तोतिपान एवं जोहिला नदी सोन नदी की सहायक नदी है। वर्ष 2016 में अरपा नदी के उद्गम का अस्तित्व समाप्त करने की कोशिश के बाद अब छत्तीसगढ़ सरकार जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही के माध्यम से इस क्षेत्र की नदियों के उद्गम को संरक्षित करने के प्रयास में जुट गया है। राजनीतिक मानचित्र मैं अमरकंटक भले ही मध्यप्रदेश में है परंतु भौगोलिक रूप से आज भी अमरकंटक और मां नर्मदा छत्तीसगढ़ के ही हिस्से हैं। जिस तरह से माई का मड़वा एवं माई की बगिया तथा बालेश्वर महादेव, ,राजमेर गढ़ दुर्गा धारा इत्यादि तीर्थ क्षेत्र छत्तीसगढ़ मैं है इस भौगोलिक संरचना को जान समझ के ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे पर्यटन जिला बनाने की घोषणा की। माई की बगिया को मां नर्मदा का गुप्त उद्गम माना जाता है इस तरह से मां नर्मदा नदी का उद्गम स्थल भी गौरेला पेण्ड्रा मरवाही क्षेत्र ही है। इसके अलावा कई छोटे बड़े नालों का भी यह उद्गम क्षेत्र है। यह क्षेत्र देश के भूखंड का एक ऐसा हिस्सा है कि इस क्षेत्र से गंगा बेसिन, महानदी बेसिन एवं नर्मदा बेसिन सहित तीन बेसिन क्षेत्र के लिए नदियों का प्रवाह होता है। गंगा बेसिन की नदियां सोन, तिपान, जोहिला नदियां तथा महानदी बेसिन की नदियां अरपा, मल्हनिया, बम्हनी एवं तान तथा नर्मदा नदी की बेसिन की नदी नर्मदा का उद्गम क्षेत्र होने के कारण तीन बेसिन क्षेत्र के लिए नदियों का प्रवाहित होती है। जिले की प्राकृतिक खूबसूरती को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिले में पर्यटन विकास पर काफी कम हो रहा है तथा निकट भविष्य में इसके सुखद परिणाम सामने आने की उम्मीद है। पर्यटन विकास से जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रशासन जूटा हुआ है।

# मानव-हाथी द्वंद रोकने वन विभाग ने बचाव के लिए जारी किया गाइडलाइन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। मानव-हाथी द्वंद रोकने के लिए मरवाही वनमण्डल ने गाइडलाइन जारी दिया है। वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि बीते दिनों जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इंसान और हाथियों के टकराव हो रहे है। इसके लिए वन विभाग द्वारा समय समय में सुरक्षा संबंधित दिशा निर्देश जारी किए जा रहे है, इसके तहत हांथियों से बचाव के लिए गांव में हाथी आने पर इसकी सूचना निकटवर्ती वन कर्मचारी को तुरंत देवे, सभी घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी करके रखें, ताकि हाथी के आने से पहले ही दूर से पता चल जाए, हाथियों से सामना होने की स्थिति में उससे ज्यादा से ज्यादा दूरी बना कर रखें, हाथी विचरण क्षेत्र में अपने ग्रामों के वृद्ध, अपाहिज और छोटे बच्चों की सुरक्षा का खास ध्यान रखें, जन-धन हानि होने की स्थिति में बदले की भावना से प्रेरित होकर हाथियों के पास न जावें, बल्कि वन विभाग को सूचित कर मुआवजा राशि की प्रक्रिया करवाने में सहयोग करें, पहाड़ी स्थानों में सामना होने की स्थिति में पहाड़ी की ढलान की ओर दौड़े, उपर की ओर नहीं क्योंकि हाथी ढलान में तेज गति से नहीं उतर सकता, परन्तु चढ़ाई में वह दक्ष होता है। गावों में हाथी आने पर क्या नहीं करना चाहिए के संबंध में कहा गया है कि किसी भी प्रकार का शोरगुल व हल्ला न करें और उस क्षेत्र को तुरंत छोड़ देवें, सेल्फी एवं फोटो लेने की उत्सुक्ता में हाथी के नज़दीक बिल्कुल भी न जायें, यह प्राण घातक हो सकता है, हाथियों को फसल लगे खेतों में होने की स्थिति का पता चलने पर उन्हें खदेड़ने हेतु उनके पास न जायें, न ही जाने का प्रयास करें। हाथियों को गुलेल, तीर, मशाल व पत्थरों से बिल्कुल न मारें इससे वे आक्रमक होकर आपकी दिशा में बढ़कर जनहानि कर सकते हैं। शौच के लिए खुले खेत व जंगल से लगे स्थानों पर न जावें, घरों में बने शौचालयों का अधिकतम इस्तेमाल करें। हाथी विचरण क्षेत्रों में देशी शराब व महुआ से बनी शराब न बनावें भंडारण करें, हाथियों को शराब की गंध दूर से आकर्षित करती है। हाथियों के विचरण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता, फुटु, बांस के संग्रहण के लिये एवं मवेशी चराने ना जायें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश में 1 नवंबर से ...**

भूमि में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया।गोंड समाज जिला-सरगुजा को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। रजवार समाज सूरजपुर को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज राजनांदगांव द्वारा सामाजिक भवन के निर्माण हेतु भूमि आबंटन प्रदान करने का निर्णय लिया गया। तहसील साहू संघ छुरिया, को सामाजिक भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया गया।हरदिया साहू समाज रायपुर और साहू समाज दुर्ग को शासकीय भूमि आबंटन में रियायत प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

मनेन्द्रगढ़ नगरीय क्षेत्र में वर्ष 1959 के पूर्व के कब्जाधारियों को भूमि स्वामी हक प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।ग्राम पंचायत घुमका, जिला- राजनांदगांव को नगर पंचायत बनाये जाने के लिए मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।ग्राम पंचायत पोरथा, जिला-सक्ती को नगर पंचायत बनाये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी में सुदीप ठाकुर को संचालक (संविदा) नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। रामेश्वर गहिरा गुरू प्राच्य संस्कृत महाविद्यालय श्री कोट, जिला -बलरामपुर-रामानुजगंज को छत्तीसगढ़ अशासकीय महाविद्यालय और संस्था (स्थापना एवं विनियमन) अधिनियम 2006 के प्रावधान के अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**प्रदेश में शुरू हुई ...**

संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी। शपथ पत्र भी देना होगा- योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा।

शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे। नियमित भुगतान कर बैंक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा- संचार प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए ऋण पर मासिक किश्त का नियमित भुगतान स्वयं करना होगा, बैंकों को ऋण के मूल एवं ब्याज के नियमित भुगतान करने संबंधी बैंक का प्रमाण-पत्र जनसम्पर्क संचालनालय में प्रस्तुत करने पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की गणना कर संबंधित पत्रकार के बैंक खातों में राशि दी जाएगी। योजना राशि की गणना- ब्याज अनुदान की प्रतिपूर्ति त्रैमासिक की जाएगी किसी भी दशा में अनुदान राशि का भुगतान एकजाई नहीं किया जायेगा। आवास ऋण ब्याज अनुदान की गणना इस प्रकार होगी। इसमें वित्तीय वर्ष में बैंक में देय ब्याज को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान से गुणा किया जाएगा।

प्राप्त परिणाम को बैंक ब्याज प्रतिशत दर से भाग दिया जाएगा। आवास ऋण 30 लाख रुपए से अधिक होने की दशा में ब्याज अनुदान की गणना दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में अधिकतम 30 लाख रुपए की राशि तक की ब्याज गणना की जाएगी। इसमें योजनान्तर्गत अधिकतम राशि( 30 लाख रुपए) को वित्तीय वर्ष में स्वीकृत ऋण पर देयक ब्याज राशि से गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को स्वीकृत आवास ऋण राशि से भाग दिया जाएगा। द्वितीय चरण में ब्याज अनुदान राशि की गणना की जाएगी।

**रायपुर में तैयार हुई ...**

पहला भाग एडमिन बिल्डिंग है जो तीन मंजिला है। इसमें रूम, हाल, जिम, वीआईपी लाउंज के साथ ही मीडिया सेंटर के साथ ही 500 की दर्शक क्षमता के साथ अनेक सुविधाएं होंगी। दूसरे हिस्से के रूप में अकादमी की हास्टल बिल्डिंग है। यह भी तीन मंजिला है जिसमें कार्यालय, अधीक्षक रूम, पार्किंग, किचन, डायनिंग जैसी अनेक सुविधाएं होगी। तीसरे हिस्से के रूप में मुख्य स्टेडियम है जहां 2500 दर्शकों के बैठने की क्षमता है।

**टेनिस अकादमी की विशेषताएं**

टेनिस एकेडमी अंतर्गत 1 नग मुख्य टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) एवं 5 नग प्रेक्टिस टेनिस कोर्ट (सिंथेटिक) का प्रावधान किया गया है। टेनिस एकेडमी का निर्माण कुल 4 एकड़ क्षेत्रफल अंतर्गत किया गया है। टेनिस कोर्ट निर्माण हेतु अल्ट्रा कुशन 9 लेयर सिंथेटिक सरफेस उपयोग किया गया है। मुख्य टेनिस कोर्ट की दर्शक क्षमता 2000 एवं मुख्य भवन अंतर्गत व्ही आई पी दर्शक क्षमता 500 रखी गई है।

दर्शक बैठक व्यवस्था हेतु स्टेडियम चेयर का प्रावधान रखा गया है। स्टेडियम अंतर्गत कुल वाहन पार्किंग क्षमता 150 नग रखी गई है।

मुख्य टेनिस कोर्ट अंतर्गत कुल 40000.00 वॉट क्षमता लाइट 1500 लक्स लेवल एवं प्रत्येक प्रेक्टिस कोर्ट अंतर्गत 4900 वॉट क्षमता लाइट 500 लक्स लेवल अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार ब्रांड कास्टिंग सुविधा हेतु लगाई गई है। टेनिस एकेडमी अंतर्गत निर्बाध विद्युत प्रवाह हेतु 315 के व्ही के सबस्टेशन एवं आपातकालीन विद्युत प्रवाह हेतु 165 केव्हीए क्षमता के डी जी सेट का भी प्रावधान किया गया है। टेनिस एकेडमी में हॉस्टल एवं मुख्य भवन में आवश्यकतानुसार एयर कंडिशनिंग की भी व्यवस्था की गई है। खिलाडियों हेतु हॉस्टल भवन अंतर्गत कुल 46 नग रूम की व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत 92 खिलाडियों के रुकने की व्यवस्था है। साथ ही खिलाडियों के भोजन हेतु डायनिंग हॉल भी निर्मित किया गया है।

**वहीदा रहमान को मिलेगा ...**

तहसील में जन्में देवानंद को साल 2002 में सिनेमा जगत का सबसे शीर्ष पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया था। करीब 21 साल बाद देवानंद की फिल्म 'गाइड' में नजर आई मशहूर अदाकारा वहीदा रहमान को इस साल दादा साहेब फाल्के सम्मान के लिए चुना गया है।

**अब कांग्रेस मुक्त ...**

ट्रेन ही नहीं चला पा रही है, यात्री ट्रेन सारे रद्द हैं। अब लगातार त्यौहार भी आ रहे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार केवल वंदे भारत को हरी झंडी दिखा रही है, जिसमें आदमी बैठी नहीं पाते हैं। इतना किराया रहता है तो आम जनता जिसमें यात्रा करते हैं वह सारे ट्रेन रद्द हो रहे हैं या विलंब से चल रहे हैं। श्री बघेल ने कहा, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के दौर में लगातार महंगाई बढ़ रही है। सभी की कीमतें बढ़ रही है।इसमें भाजपा मौन है। एक तरफ सभी लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यात्री ट्रेन रद्द होने से परेशान हैं।

**बारामुल्ला में पकड़ा गया ...**

एसएसपी ने आगे कहा कि उसने अपने साथियों के नाम निगीना और आफरीना उर्फ आयत बताए और उनके खुलासे पर दो हथगोले बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, इस प्रक्रिया में दो महिलाओं समेत पांच को पकड़ लिया गया।

पुलिस का दावा है कि जांच से पता चला है कि यह आतंकवादी अपने 5 सहयोगियों के साथ पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और अधिक से अधिक आतंकवादियों को भर्ती करने और बारामुल्ला और आसपास के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक : एसएनटी-आर -2023-07
दिनांक - 22/09/2023
कार्य का नाम: डीआरएम कॉम्प्लेक्स में रेलनेट के पुराने कोर नेटवर्क उपकरण का प्रतिस्थापन।
निविदा मूल्य: रु.11409295.00 ईमडी: रु.207100.00 कार्य पूर्णता की अवधि: 08 (आठ) माह। बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल 20.10.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।
मैनुअल आंफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण हमारे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता
द.पू. मध्य रेल्वे, रायपुर
पीआर/आर/एस एण्ड टी/एपी/142
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
ई-टेंडर नोटिस नं./ TRS-BIA-23-24-IRSP-CBR-6.
**कार्य का नाम:** WAG9 लोकोमोटिव के ब्रेक रिगिंग को TBU/PBU टाइप ब्रेक रिगिंग से पारंपरिक ब्रेक रिगिंग में परिवर्तित करना।
**काम की लागत: ₹ 2,19,04,682.20/-,** (रुपये दो करोड़ उन्नीस लाख चार हजार छह सौ बयासी और बीस पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा/बयाना राशि जमा: 2,59,600/-** (रुपये दो लाख उनसठ हजार चार छह सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 18 (अठारह) महीने।
**निविदा समाप्ति की तिथि और समय: 19.10.2023 को 11.30 बजे, वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं: http://www.ireps.gov.in.**
वरि.मं.विद्युत अभियंता (क0च0स्टा0)
पीआर/आर/टीआरएस/एएन/140 द.पू.म.रे., भिलाई
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**अनुबंध कार्य हेतू निविदा सूचना**
निविदा सं - AEE-WRS-R-23-24-OT-EW-01
दिनांक - 18/09/2023
**कार्य का नाम:** वैगन रिपेयर शॉप पर विभिन्न स्थानों में युक्त विंडो/स्प्लिट एसी, पैकेज्ड एयर वॉशर 5000-15000 CFM वाटर कूलर का दो साल (2023-2024) की अवधि के लिए ब्रेकडाउन मेंटेनेंस और एनुअल सर्विसिंग के लिए अनुबंध।
**अनुमानित निविदा मुल्य:** रु.21,71,098.37/- (एक्कीस लाख इकहत्तर हजार अट्ठानवे और सैंतीस पैसे केवल सहित जीएसटी) **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्न के अनुसा दो (2) वर्ष की अवधि के लिए। **बयाना राशि:** रु. 43,400.00 (रु.तैंतालीस हजार चार सौ) **निविदा प्रपत्रों की लागत:** रु. 0.00 **निवदा समाप्ति तिथि और समय:** 26/10/2023 को 12.00 बजे। **बिड प्रारंभ की तारीख:** 12/10/2023 **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकते हैं।
इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता
पीआर/आर/डब्ल्यूआरएस/एपी/137 वैरिशा/रायपुर
South East Central Railway @secrail

**इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़**
**संक्षिप्त निविदा सूचना**
विश्वविद्यालय में रूसा अंतर्गत Washing Machine, Steam Press & OTG Oven क्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा कुलसचिव, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में दिनांक 12.10.2023 को दोपहर 01:30 बजे तक जमा लिया जावेगा। निविदा की शर्तें विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.iksv.ac.in में उपलब्ध है।
संवाद – 38709/2 कुल सचिव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)**
**मुख्य कार्यालय – साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
कोसाबाड़ी जोन
फा.क्र./ 8792/ कोसाबाड़ी जोन/ 2023 कोरबा, दिनांक 22.09.2023
**तृतीय निविदा आमंत्रण की सूचना**
लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 04.10.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 04.10.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.31 सामुदायिक भवन झगरहा में अन्य सुविधाओं का विस्तार। (महापौर मद 2022-23) | 5,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 04.10.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korba-municipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी खड़गवां**
**जिला- मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
क्रमांक/ 734/ वाचक/ भू-अर्जन / 2023 खड़गवां दिनांक 20/09/2023
चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के खाने (1) से (5) में दर्शित भूमि को अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 की उपधारा 1 के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य द्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अन्तर्गत दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।
:: अनुसूची ::

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.नं. | कुल खसरा नं0 | कुल क्षेत्रफल (हे.में) | | |
| मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर | खड़गवां | मंगोरा-05 | 14 | 1.06 | कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग अंबिकापुर (छ.ग.) | देवडांड से पेण्ड्री व्हाया मंगोरा मार्ग पर बुधरा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुच मार्ग का निर्माण |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |

प्रस्तावित रकबा

| क्र. | खसरा नं0 | रकबा हे. में |
|---|---|---|
| 1. | 363/3 | 0.10 |
| 2. | 384/2 | 0.05 |
| 3. | 426/2 | 0.04 |
| 4. | 363/2 | 0.04 |
| 5. | 426/1 | 0.08 |
| 6. | 384/1 | 0.05 |
| 7. | 390 | 0.26 |
| 8. | 400 | 0.05 |
| 9. | 393/1 | 0.02 |
| 10. | 393/2 | 0.01 |
| 11. | 393/3 | 0.01 |
| 12. | 393/4 | 0.01 |
| 13. | 430 | 0.32 |
| 14. | 439 | 0.02 |
| योग | 14 | 1.06 |

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोकप्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के लिये निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/ आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2015 की धारा 15 की उप धारा (1) के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के लिये भूमि अर्जन को छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिसूचना क्रमांक एफ 4-28/सात-1/ 2014 दिनांक 27 मई के द्वारा उक्त अधिनियम के अध्याय 2 एवं 3 के प्रावधानों से छूट प्रदान की गई है। उक्त अधिसूचना के कंडिका 5 में उल्लेखित अधोसंरचनात्मक परियोजना जिसमे सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अंतर्गत परियोजना भी सम्मिलित है, जहां भूमि का स्वामित्व शासन पर निरंतर निहित रहेगा के तहत प्रस्तावित किया गया है।
परन्तु यह कि ऐसी छूट देने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा कि प्रस्तावित अधिग्रहण हेतु भूमि का विस्तार क्षेत्र, ऐसी परियोजना के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि है और विकल्प में कोई बंजर भूमि जिसमें पड़त भूमि सम्मिलित है, उकत परियोजना हेतु सम्मिलित नहीं है।
6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू अर्जन अधिकारी खड़गवां
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
जी- 05681/2

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, SUBHASH CHAND AGRAWAL S/o FATEH CHAND AGRAWAL resident of WARD No. 12 P.O. BILHA, DIST BILASPUR (C.G.) have changed my old name SHUBHASH CHAND AGRAWAL, so in future I should be recognized by my new name SUBHASH CHAND AGRAWAL in all Government and other documents.
SUBHASH CHAND AGRAWAL
WARD NO. 12, P.O. BILHA
DIST- BILASPUR (C.G.)

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/ क/ तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर,दिनांक 24/08/2023
ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1336/18 में से रकबा 1000 वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख / फौती / वसीयतनामा / दानपत्र के आधार पर किए जाने के लिए श्रीमती सुनीता वैष्णव पति राकेश वैष्णव निवासी समेसर (बेमेतरा) द्वारा आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 06/10/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 24/09/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय:- नगर पंचायत बिल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
फोन नं.- 07752-259219 ई मेल- cmobilha@gmail.com
क्रमांक/ 203/ लो.नि.वि./ न.पं./ 2023-24 बिल्हा, दिनांक 22/09/2023
**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि : 05.10.2023 समय 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि : 06.10.2023 समय 3.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 13.10.2023 समय 4.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि : 13.10.2023 समय 4.30 बजे से

| क्र. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि टी.डी.आर.में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 05 सी.सी.रोड निर्माण कार्य (दशरथ यादव घर से पुनीता यादव से राजपाल घर तक) | 1.34 लाख | 2000/- | 300/- | दो माह |
| 2. | वार्ड क्र. 05 सी.सी.रोड निर्माण कार्य (मुख्य सड़क से शाला प्रवेश मार्ग) | 3.10 लाख | 3000/- | 750/- | दो माह |
| 3. | वार्ड क्र. 04 सी.सी.रोड निर्माण कार्य (इंग्लिश मिडियम स्कूल रोड से डॉ. चांदसी घर तक) | 2.10 लाख | 2000/- | 750/- | दो माह |
| 4. | वार्ड क्र. 01 सी.सी.रोड निर्माण कार्य (राजकुमार घर से रतनदास मानिकपुरी तक) | 1.59 लाख | 2000/- | 300/- | दो माह |
| 5. | वार्ड क्र. 14/15 सी.सी.रोड निर्माण कार्य (जयस्तंभ चौक के पास) | 3.74 लाख | 3500/- | 750/- | दो माह |
| 6. | वार्ड क्र. 02 कब्रिस्तान में आर.सी.सी.सीमेंट चेयर प्रदाय | 2.00 लाख | 2000/- | 300/- | दो माह |
| 7. | वार्ड क्र. 05 उद्यान एवं विकास कार्य | 10.00 लाख | 8000/- | 750/- | तीन माह |

**नियम एवं शर्तें :-**
01. निविदा पत्र विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।
02. निविदा संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यलयीन समय/ दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।
नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिल्हा

# देश

उवाच



महिला आरक्षण बिल नरेंद्र मोदी ने 2024 के संसदीय चुनाव के लिए जल्दबाजी में किया है। यह 1984 में संविधान में लिखा गया था कि 2026 तक कोई भी संशोधन नहीं किया जा सकता है ना तो कोई सीट बढ़ सकती है और ना ही कोई हेर फेर हो सकता है।

–प्रो.रामगोपाल यादव,सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 35. | 26. |
| मुंबई | 27. | 26. |
| कोलकाता | 31. | 27. |
| चेन्नई | 33. | 28. |

# मप्र में भाजपा को लड़ने के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : कांग्रेस



मध्य प्रदेश में डबल हार की ओर बढ़ रही है डबल इंजन की सरकार : कमलनाथ

**भोपाल,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हमला बोलते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और डबल इंजन की ये सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, लिस्ट पर एक ही बात फिट है नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कमलनाथ ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है।

■ भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर कमलनाथ ने बोला हमला

■ चुनाव में भाजपा से दोगुनी सीटें जीतने का किया दावा

कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने उम्मीद का आखरी झूठा दांव खेला है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18.5 साल की भाजपाई सरकार और 15 साल से ज्यादा के शिवराज जी विकास के दावों को नकारने वाली भाजपाई प्रत्याशियों की सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी का दावा करने वाली भाजपा की आंतरिक हार पर पक्की मुहर है। एमपी में विकास के खोखले दावों की पोल खुलने के साथ बड़बोली भाजपाई सरकार के प्रचारवादी विकास के थोथे दावे आज सफेद झूठ साबित हो गए। कमलनाथ ने लिखा कि भाजपा केवल एक बात ध्यान रखें। ये जनता है, ये सब जानती है। 18 साल के कुशासन का हिसाब तो जनता लेकर रहेगी और न्याय होकर होगा। एमपी की जनता है तैयार, भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले लगभग दो दशक से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आई प्रत्याशियों की दूसरी सूची के कई नामों ने सभी को चौंका दिया है। पार्टी ने अपने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## शाजापुर में सभा को करेंगें राहुल गांधी



**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी आगामी 30 तारीख को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने बताया कि गांधी का विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्यप्रदेश का यह पहला बड़ा दौरा कार्यक्रम है। सिंह ने बताया कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश में जनता का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्नेह मिला था। उनका शाजापुर दौरा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक साबित होगा।

## ओडिशा विस में दूसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**भुवनेश्वर,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही ठप कर दी तथा हंगामे के कारण अध्यक्ष प्रमिला मलिक को बिना कोई कामकाज किए सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अध्यक्ष ने सबसे पहले सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। बाद में गतिरोध को दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक पर सहमति जताई। इसके पश्चात सदन की कार्यवाही 1205 बजे तक और फिर 1207 बजे से चार बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।



इस बीच सदन में हंगामा जारी रहा और भाजपा तथा बीजद सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते रहे। सदस्यों के हंगामे के चलते व विरोध के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका। प्राथमिक शिक्षा पर स्थगन प्रस्ताव के रूप में बहस के लिए विपक्षी कांग्रेस द्वारा दिया गया नोटिस भी स्वीकार नहीं किया जा सका। आज जैसे ही सुबह साढ़े दस बजे प्रश्नकाल शुरू करने के लिए सदन की कार्यवाही शुरू हुई, काले बिल्ले पहने भाजपा सदस्य सदन के बीचों बीच आ गए और अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए कार्यवाही बाधित कर दी।

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान करने को भी हम प्रतिबद्ध : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे समृद्ध, सुरक्षित और समावेशी भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी देशों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दे सभी को प्रभावित करते हैं और कोई भी देश इन चुनौतियों का समाधान अकेले नहीं कर सकता। इसके लिए उन्होंने व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के परस्पर मिलने और चिंताओं से निपटने के लिए कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संधियों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौते 1982 को आधार मानकर इन मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। सिंह यहां हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के 13वें द्विवार्षिक सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। तीन दिन के इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय सेना और अमेरिकी सेना ने मिलकर किया है।

■ हिन्द प्रशांत की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का किया आह्वान



इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार तथा अमेरिकी सेना के प्रमुख सहित 20 देशों की सेनाओं के प्रमुख और 35 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को उचित महत्व मिले

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छोटे देशों की जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उचित महत्व मिलना चाहिए। सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन पर भारतीय सशस्त्र बल समर्पण और जिम्मेदारी की भावना के साथ आपदा स्थितियों में सबसे पहले योगदान करते हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि हिन्द प्रशांत केवल एक समुद्री क्षेत्र नहीं बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक क्षेत्र है जो सीमा विवादों और समुद्री डकैती सहित सुरक्षा चुनौतियों के एक जटिल तंत्र का सामना कर रहा है। इस तंत्र में वैश्विक घटनाएं, आर्थिक परिस्थिति , लोगों के विचार, मौसम और जीवन के तमाम पहलू शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### राजस्थान दौरे पर जाएंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर रहेंगे और झुंझुनू, बाड़मेर, बीकानेर तथा जोधपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ नई दिल्ली से राजस्थान पहुंचेंगे जहां सबसे पहले वह बिट्स पिलानी संस्थान जाएंगे और वहां उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आईसीएआर के मूंगफली अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे तथा कृषि वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे।

### पुंछ में विशेष पुलिस अधिकारी मृत पाया गया

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में मंगलवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मृत पाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृत एसपीओ की पहचान खालिक हुसैन के रूप में हुई है । वह पुंछ जिला पुलिस लाइन में तैनात था और एक स्थानीय थाने सेजुड़ा हुआ था। मृतक की मोटरसाइकिल भी उसके पास ही पड़ी थी। पुलिस ने इसके पीछे किसी दुर्घटना की आशंका जताई है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल पुंछ भेज दिया गया है।

### बेबी देवी ने विधानसभा के सदस्य के रूप में ली शपथ

**रांची।** झारखंड विधानसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य और मंत्री बेबी देवी ने मंगलवार को विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने यहां अपने कार्यालय कक्ष में बेबी देवी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष ने विधायक सह मंत्री बेबी देवी को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के कारण डुमरी विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव कराया गया था। महतो के निधन के बाद उनकी पत्नी बीबी देवी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था।

### धर्म गुरु को लेकर संकट में छत्तीसगढ़ भाजपा

रायपुर,26 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश करने वाले सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास जी के पुत्रों सहित परिवार के कुछ लोगों की विभिन्न अपराधों में संलिप्तता उजागर हुई है। जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी में उन्हे लेकर असहज स्थिति निर्मित हो गई है। क्योंकि गुरु परिवार आरंग विधानसभा क्षेत्र से टिकट चाह रहा है वही कांग्रेस अपराध के उन मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमले की तैयारी में है। गौरतलब है कि बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी रायपुर के 7 घरों में चोरी के मामले में गुरु बाल दास जी के भतीजे सतखोजन की गिरफ्तारी हुई है। चोरी का माल भी भंडारपुरी से बरामद किया गया है। ऐसे में धर्म गुरु परिवार पर इतने बड़े लांछन लगने से भारतीय जनता पार्टी कुछ कह सकते की स्थिति में नहीं है। हाल ही मे कांग्रेस पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए गुरु बालदास ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। इस दौरान ही उन्होंने अपने पुत्र खुशवंत के लिए आरंग विधानसभा से टिकट की मांग रख दी थी। वहीं दूसरी तरफ गुरु बाल दास व परिवार के भाजपा प्रवेश के बाद कांग्रेस पार्टी ने उनके पुत्रों के कथित लूट सहित अन्य अपराधों का कथित चिट्ठा खोलना शुरु कर दिया है। यह सिलसिला चल ही रहा था कि 7 करोड़ की चोरी के मामले में भतीजे सतखोजन को गिरफ्तारी गुरु परिवार पर भारी पड़ती नजर आ रही है। सामाजिक स्तर पर भी उनके खिलाफ विरोध के स्वर उठ ही रहे है साथ ही सोसल मीडिया में भी सामाजिक जन अपनी भड़ास निकाल रहे हैं।

## विधूड़ी प्रकरण पर भाजपा के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर जदयू ने उठाए सवाल

# गांधी के भारत को बनाया जा रहा नफरत की भूमि

**पटना,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सांसद रमेश विधूड़ी प्रकरण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए आज कहा कि इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। रंजन ने मंगलवार को यहां कहा कि नए संसद भवन में विशेष सत्र का अल्पसंख्यक समाज को गलियां दे कर आगाज करने वाले भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी और उस पर ठहाके लगाने वाले दो पूर्व मंत्रियों पर अभी तक न तो कोई कारवाई हुई है और न ही प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री अमित शाह जैसे भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इसकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भी उन्हें सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत में गांधी के भारत को नफरत की भूमि बनाने का खेल अब खुल कर शुरू हो गया है। जदयू महासचिव ने भाजपा से सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि नए संसद भवन को पूरे विश्व के सामने शर्मसार करने वाले सांसद रमेश विधूड़ी पर उन्होंने अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं की है।



क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी : राजीव रंजन

वह बताएं कि किस 'नेता' के दबाव में आकर भाजपा के नेता इस प्रकरण पर कुछ बोलना तो दूर विधूड़ी के बयान की भर्त्सना तक नहीं कर रहे। वह बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की चुप्पी को रमेश विधूड़ी के बयान का मौन समर्थन क्यों न समझा जाए। वह बताए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को इसी तरह खुलेआम गलियां दी जाएंगी। रंजन ने पूछा कि भाजपा के नेता बताएं कि अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को गालियां दिलवा कर भाजपा नई पीढ़ी को कौन सा संदेश देना चाहती है। उन्हें बताना चाहिए कि क्या मोदी के नए भारत में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को इसी तरह से दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ेगा।

### भाजपा अपना चुनावी वादा पूरा करने में विफल : जदयू

बिहार के भवन निर्माण मंत्री और जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। चौधरी ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कीमतों को नियंत्रित करने का वादा किया था लेकिन खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें चिंताजनक रूप से बढ़ गई हैं, जिससे आम आदमी को बड़ी कठिनाई हो रही है। मंत्री ने कहा कि युवाओं को नौकरी देने का भाजपा का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए नई नौकरियां पैदा करना तो दूर अलग-अलग क्षेत्रों में पहले से ही सेवाओं में लगे लोगों की भी छंटनी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए हिंदू और मुस्लिम के मुद्दे पर नफरत फैला रही है। चौधरी ने कहा कि लोग भाजपा की चुनावी चालों को पहले ही समझ चुके हैं और यह अब और काम नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नवगठित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में अधिक से अधिक दलों के शामिल होने की उम्मीद है।

## कावेरी विवाद पर राजनीति कर रहे भाजपा व जेडीएस : सिद्धारमैया

**बंगलूरू,**26 सितम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को विपक्षी भाजपा और जेडीएस पर कावेरी विवाद का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। साथ ही, इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर विफल रही है। उन्होंने पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के साथ विवाद के समाधान के रूप में कावेरी नदी पर मेकेदातु संतुलन जलाशय के निर्माण और संकट के समाधान के लिए जल बंटवारे के फॉर्मूले के महत्व को दोहराया।

बता दें, तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़े जाने के विरोध में भाजपा और जेडीएस द्वारा समर्थित किसानों और कन्नड़ संगठनों द्वारा बुलाए गए बंगलूरू बंद का मंगलवार को आंशिक असर देखने को मिला। हालांकि, अधिकतर सार्वजनिक सेवाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। वहीं, कुछ लोग घरों के अंदर ही रह रहे हैं। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा और जेडीएस कावेरी विवाद पर राजनीति कर रहे हैं। वे राज्य के लोगों के लिए नहीं बल्कि राजनीति के लिए मामले को बढ़ा रहे हैं।








एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की 8वीं वार्षिक आम बैठक

**प्रिय शेयरधारक,**

मैं बहुत गर्व के साथ, आपकी कंपनी की 8वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करता हूं, जो कि डिमर्जर कंपनी के बाद पहली एजीएम है; बीएसई, एनएसई और सीएसई पर इक्विटी शेयरों की लिस्टिंग; और कंपनी के इस्पात संयंत्र का प्रचालन करके भारतीय इस्पात निर्माताओं की गौरवशाली लीग में प्रवेश किया।

वैश्विक अर्थव्यवस्था मंद हो रही है, और मध्यम लेकिन लक्ष्य से ऊपर मुद्रास्फीति, वित्तीय स्थितियों में संकुचन, भू-राजनीतिक संघर्षों और भू-आर्थिक विखंडन के बीच विकास अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग हो रहे हैं। जबकि वैश्विक वृद्धि वार्षिक औसत आधार पर कैलेंडर वर्ष 2023 और कैलेंडर वर्ष 2024 दोनों में 2022 के 3.5 प्रतिशत से घटकर 3 प्रतिशत होने का अनुमान है, घरेलू आर्थिक गतिविधि में लचीलापन बना हुआ है। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत 6.1 - 6.5% की दर से विकास करेगा।

कैलेंडर वर्ष 2022 में वैश्विक इस्पात उत्पादन 1885 एमटी था, जिसमें वैश्विक कच्चे इस्पात उत्पादन में चीन का हिस्सा ~54% हिस्सा था, इसके बाद भारत, जापान, अमेरिका और रूस का सामूहिक उत्पादन ~19% था। यद्यपि, वैश्विक इस्पात उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4% (कैलेंडर वर्ष 21 में वैश्विक उत्पादन - 1962 एमटी) की गिरावट देखी गई, इसी अवधि के दौरान भारत का उत्पादन 5.5% (कैलेंडर वर्ष 21 में ~118 एमटी से कैलेंडर वर्ष 22 में ~125 एमटी) बढ़ गया। दुनिया भर के अन्य देशों की तुलना में भारत में इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत चीन के बाद सबसे अधिक दर से बढ़ रही है। भारत ने 3.5% की सीएजीआर के साथ सर्वोत्तम वृद्धि प्रदर्शित की है, जो 2018 में 70.7 किलोग्राम से बढ़कर 2022 में 81.1 किलोग्राम हो गई है, जबकि वैश्विक रूप से 0.2% की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण कोविड-19 का प्रभाव है। बुनियादी ढांचे, आवास, मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर बढ़ते दबाव और बढ़ते शहरीकरण के साथ खपत में वृद्धि के कारण व्यवसायिक घरेलू इस्पात उद्योग का भविष्य सकारात्मक बना हुआ है।

भारत सरकार ने 2030 तक भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 एमटीपीए तक बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया। इस विजन को पूरा करने के लिए, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में ग्रीन फील्ड इस्पात संयंत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। एनएमडीसी के छत्तीसगढ़ और यहां के लोगों के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों के सम्मान में, हमने नगरनार, छत्तीसगढ़ में 3 एमटीपीए क्षमता का ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड इस्पात संयंत्र स्थापित करने की अपनी यात्रा प्रारंभ की थी।

स्टेकहोल्डरों को अधिक लाभ प्रदान करने के इरादे से, आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने अक्टूबर 2020 में एनआईएसपी को एक अलग कंपनी में डिमर्ज करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी थी।



सांविधिक प्रावधानों के अनुसार प्रक्रिया का विधिवत पालन करते हुए, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने दिनांक 6 अक्टूबर, 2022 के आदेश के तहत एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट उपक्रम को एनएमडीसी लिमिटेड ('डीमर्ज्ड कंपनी' से एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ('परिणामी कंपनी')में डीमर्ज करने की योजना को मंजूरी दे दी। डिमर्जर के लिए नियत तारीख 1 अप्रैल, 2021 थी और योजना 13 अक्टूबर, 2022 से प्रभावी थी।

डीमर्ज कंपनी, एनएमडीसी ने अपने शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में इक्विटी शेयर जारी किया जिससे उनकी अंतर्निहित संपत्ति में वृद्धि हुई। इन इक्विटी शेयरों को एनएसई, बीएसई और सीएसई पर सूचीबद्ध किया गया था और 20 फरवरी, 2023 से डीलिंग के लिए स्वीकार किया गया था। तदनुसार, आपकी कंपनी, जो पहले एनएमडीसी की एक सहायक कंपनी थी, रु. 2,930 करोड़ इक्विटी के साथ एक सूचीबद्ध कंपनी में परिवर्तित हो गई।

कंपनी ने 31 मार्च 2023 तक अपना व्यावसायिक उत्पादन शुरू नहीं किया था, इसलिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कोई लाभ/हानि घोषित नहीं की गई थी। हालाँकि, प्रबंधन, कर्मचारियों और श्रमिकों के दृढ़ संकल्प और प्रशासनिक मंत्रालय तथा एनएमडीसी प्रबंधन के निरंतर सहयोग के फलस्वरूप इस्पात संयंत्र ने निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल की:

एनएसएल ने अपनी कोक ओवन बैटरी 1 को 28 अक्टूबर 2022 को और कोक ओवन बैटरी 2 को 24 अप्रैल 2023 को चालू किया। 7 मीटर लंबी और 67 ओवन वाली दोनों कोक ओवन बैटरियां समग्र रूप से वार्षिक 1.76 एमटी कोक का उत्पादन कर सकती हैं।

हमारे इस्पात संयंत्र भारत की दूसरी सबसे बड़ी मात्रा की ब्लास्ट फर्नेस, 4500 क्यूबिक मीटर, पॉल वुर्थ टॉप चार्जिंग सुविधा के साथ स्थित है। स्थानीय देवी के नाम पर, मां दंतेश्वरी ब्लास्ट फर्नेस को 12 अगस्त 2023 को प्रज्ज्वलित किया गया और एनएमडीसी इस्पात लिमिटेड से हॉट मेटल का उत्पादन 15 अगस्त 2023 को शुरु हुआ था। इस्पात उत्पादन की ओर बढ़ते हुए, देश की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस में से एक की शुरुआत के साथ अंतिम कमीशनिंग के लिए प्रक्रिया शुरु हो गई है।

इसके तुरंत बाद, 21 अगस्त 2023 को स्टील मेल्टिंग शॉप का प्रचालन शुरु किया गया। इस स्टील मेल्टिंग शॉप में ऑक्सीजन की खपत को कम करने के लिए संयुक्त ब्लोइंग सुविधा के साथ दो कन्वर्टर; ब्लोइंग समय और फ्लक्स खपत को कम करने के लिए दो हॉट मेटल डिसल्फराइजेशन स्टेशन; तापमान बढ़ाने और पिघली हुई धातु की रासायनिक संरचना को समायोजित करने के लिए दो लेडल रिफाइनिंग भट्टियां; और उच्च ग्रेड स्टील के उत्पादन को सक्षम करने के लिए एक आरएच डेगैसर शामिल हैं।

इस्पात संयंत्र के थिन स्लैब कैस्टर की शुरुआत 24 अगस्त 2023 को ऊर्जा खपत को कम करने के लिए हॉट स्ट्रिप मिल में टनेल फर्नेस के माध्यम से पतले स्लैब की 100% हॉट चार्जिंग सुविधा के साथ हुई। इस संयंत्र को भारत सरकार के सतत इस्पात उत्पादन के परिकल्पना के अनुरूप, देश के सबसे अधिक ऊर्जा कुशल तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक इस्पात संयंत्रों के रूप में डिजाइन किया गया है।

एनएमडीसी इस्पात लिमिटेड ने हॉट मेटल के उत्पादन के केवल 9 दिन बाद 24 अगस्त 2023 को अपना अंतिम उत्पाद - एचआर कॉइल का उत्पादन किया। इस्पात निर्माण क्षेत्र में पूर्व में कोई अनुभव न रखने वाली खनन कंपनी की यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी।

एक बार पूरी तरह से चालू होने पर संयंत्र एचआर प्लेट्स, एपीआई - 5 एल, क्वालिटी प्लेट्स, एचआर शीट्स, एचआर कॉइल्स, हाई कार्बन स्टील, सिलिकॉन स्टील और ऑटोमोटिव स्टील जैसे उत्पादों की एक प्रभावशाली श्रृंखला का उत्पादन करेगा। एनएसएल की सत्यनिष्ठा और इस्पात गुणवत्ता इस परियोजना पर प्रत्येक व्यक्ति की कड़ी मेहनत को बयां करेगी।

बोर्ड की ओर से, मैं प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य सरकार, एनएमडीसी प्रबंधन, मेकॉन और हमारे प्रौद्योगिकी प्रदाताओं - बीएचईएल, टाटा प्रोजेक्ट्स, प्राइमटल्स, डेनिएली कोरस, थर्मैक्स, बीईसी और लिंडे को कंपनी को उनके अटूट सहयोग के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और धन्यवाद करता हूं, जिसने एनएसएल को मजबूती से आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। यह उपलब्धि भारत के इस्पात निर्माताओं - सेल, जेएसडब्ल्यू और जेएसपीएल के सहयोग के बिना संभव नहीं होती, जो इस्पात संयंत्र की कमिशनिंग में हमारे साथ खड़े रहे।

मैं इस कार्य में निरंतर सहयोग के लिए कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, सेबी, बीएसई, एनएसई और सीएसई, शेयरधारकों, बैंकरों, ऋणदाताओं, लेनदारों का भी आभारी हूं। बोर्ड कंपनी के कार्यबल के समर्पण और संयंत्र के प्रचालन में उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास और प्रतिबद्धता की सराहना करता है।

मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एनएसएल में ग्रॉस कोक, हॉट मेटल, पिग आयरन, लिक्विड स्टील और एचआर कॉइल का उत्पादन तय कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है और आगे की योजना भी तैयार है।

एनएमडीसी स्टील प्लांट एक आधुनिक परिष्कृत 3 एमटीपीए क्षमता वाला एकीकृत इस्पात संयंत्र है, जिसमें 23,840 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत पर केवल 1800 एकड़ भूमि का उपयोग करते हुए एक कॉम्पैक्ट लेआउट है। हम जिस गति से आगे बढ़े हैं, अपने सभी हितधारकों के सहयोग के साथ, हम इस्पात संयंत्र को पूर्ण क्षमता के साथ चलाने के लिए तैयार हैं, ताकि हमारे सभी हितधारकों को लाभ प्रदान किया जा सके और भारत के लिए इस्पात का सुस्थिर उत्पादन किया जा सके।

जय हिन्द!

**दिनांकः** 07.09.2023
**स्थानः** हैदराबाद

**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
(अतिरिक्त प्रभार)

एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट, पोस्ट–नगरनार, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़–494001 | सीआईएनः U27310CT2015GOI001618 | https://nmdcsteel.nmdc.co.in

नोटः उपरोक्त कथन का तात्पर्य 07.09.2023 को आयोजित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की 8वीं एजीएम की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 27 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए ही, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्यों खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020-2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइज़री जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं न कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है,जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

# मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी जुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?



डॉ. दीपक पाचपोर

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी

■ नित्य चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

## पावन प्रसंग

# सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु,अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्य पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जाात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं,जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं। असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और ख़ालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले कनाडा को फिर से सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। आतंकवादियों पर कार्रवाई कर और कनाडा में पल रहे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर दोस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आतंकी पन्नू इंडिया गेट पर ख़ालितस्तान झंडा लगाने की सोच रहा है। केरल में पीएफआई का बढ़ता वर्चस्व और सैनिक पर घातक हमला इस बात का संकेत है कि वे आज भी यह विचारधारा सक्रिय है। कनाडा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बैठकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करने वाले आतंकी संगठनों की खैर नहीं। अरबों रुपए की पंजाब से फंडिंग ट्रांसफर करने की सूचना चौंकाने वाली बाबत है। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक का सम्मान करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है परंतु उसके बाद भूल का प्रायश्चित कर स्पीकर ने माफी मांग ली थी। भारत की मजबूत सैन्य ताकत और मजबूत सेना और सरकार के कारण इन संगठनों की नींद हराम हो गई है। अगर कमजोर सरकार आती है तो अकल्पनीय घटनाएं हमारे सामने आकार ले रही होतीं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

देशबन्धु
# संस्कारधानी
5 बिलासपुर
बुधवार 27 सितंबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जावाला– आप शादीशुदा हो?
आदमी– ऐसे तूफान और बारिश में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगा भाई।

# मुख्यमंत्री ने 85 करोड़ की पेयजल योजनाओं का किया लोकार्पण भूमिपूजन






**बिलासपुर**, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीसी के जरिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में 85 करोड़ रूपये के 8 महत्वपूर्ण पेयजल योजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 80 करोड़ 54 लाख रूपये की लागत वाले तीन समूह जल प्रदाय योजना का शिलान्यास एवं 3 करोड़ 48 लाख रूपये की 5 एकल ग्राम जल प्रदाय योजना का लोकार्पण शामिल हैं। एनआईसी कक्ष से वर्चुअली जुड़कर संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, कलेक्टर संजीव झा, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल सहित पीएचई विभाग के अधिकारी समारोह में शामिल हुए।

पीएचई विभाग के ईई यूके राठिया ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 29 करोड़ 54 लाख रूपये लागत की 23 ग्रामों के लिए मंगला पासीद समूह जल प्रदाय योजना, मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 28 करोड़ 76 लाख रूपये की लागत से 21 ग्रामों के लिए हरदी भटचौरा सामूहिक जल प्रदाय योजना तथा कोटा विधानसभा क्षेत्र में 18 ग्रामों के लिए 23 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से चपोरा समूह जल प्रदाय योजना शामिल हैं। वहीं लोकार्पित किये गये कार्यों में बिल्हा में 1.34 करोड़ की लागत से बन्नाकडीह ग्राम जल प्रदाय योजना, मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र में 44 लाख 14 हजार रूपये की लागत के उनी रीट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना एवं खपरी (लिमतरा) में 65 करोड़ की एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना, कोटा में 50 लाख की लागत से बने जमुनाही एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना तथा तखतपुर विधानसभा क्षेत्र की भौहाकांपा की एकल नल जल प्रदाय योजना शामिल हैं।

## संपादकीय

### सोशल मीडिया पर सावधानी बरतना ज़रूरी

*सोशल मीडिया अब सभी के जीवन का एक तरह से हिस्सा बन गया है। ऐसे सारे लोग जो स्मार्ट फोन रखते हैं, वे सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म और प्रोग्रामों से जुड़े होते हैं। इस पर कोई कम तो कोई ज्यादा समय गुजारता है। ऐसा नहीं है कि यह केवल मनोरंजन अथवा टाइम पास का ही साधन है। आज तकरीबन सारे कामों के लिये इसका उपयोग होता है। बेशक, इसके कारण जनजीवन की सहूलियतें बढ़ी हैं और लोगों को अनेक तरह की मदद मिलती है। सोशल मीडिया के बिना वर्तमान जीवन पद्धति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जहां तक इसका उपयोग अपने कामकाज के लिये, चाहे नौकरी हो या व्यवसाय के लिये करने की बात है वहां तक तो ठीक है परन्तु जब वह मनोरंजन या विचारों के आदान–प्रदान की बात हो तो कई बार उसके कारण कई तरह के विवाद भी उठ खड़े होते हैं। विभिन्न तरह के अपराधों को भी इसके जरिये अंजाम दिया जाता है।*

*वाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफॉर्म हैं जिन पर बड़ी तादाद में लोग जुड़ते हैं। ग्रुप में शामिल होने पर आपसी संवाद और कभी विभिन्न विषयों पर चर्चाएं भी आम हैं। देखा यह जाता है कि कई बार धार्मिक, राजनैतिक या सामाजिक विषयों को लेकर होने वाला संवाद कटु हो जाता है। किसी सदस्य द्वारा कोई ऐसी पोस्ट डाल दी जाती है जिसके कारण किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचती है, तो इससे मामला उग्र हो जाता है। कभी तो वह गाली–गलौज तक पहुंच जाता है। वैसे भी यह देखा जा रहा है कि लोग अपने विचारों या दृष्टिकोण को लेकर काफी हठधर्मी हो चले हैं। जो सहिष्णुता कुछ अरसा पहले समाज में पायी जाती थी, वह अब नहीं देखी जाती। लोग सामान्य टिप्पणी से भी आपा खो बैठते हैं। परस्पर अपमान, धमकियां भी भरपूर देखी जाती हैं। हाल के वर्षों में इसके चलते आपसी सम्बन्ध तक बिगड़ चले हैं। सोशल मीडिया ने मित्रों एवं परिजनों के बीच में खटास भर दी है।*

*जशपुरनगर में ऐसा ही वाकया देखने को मिला जिसमें एक युवक को अपनी जान तक गंवानी पड़ गयी। यहां के बाधरकोना निवासी विकास भगत का रायगढ़ रोड पर रहने वाले निखिल गुप्ता नामक युवक से सोशल मीडिया की किसी पोस्ट को लेकर विवाद हो गया था। इसे लेकर विकास ने निखिल को बाधरकोना बुलाया था। वहां उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ निखिल पर हमला कर दिया। रॉड से सिर पर वार करने के कारण उसे गम्भीर चोट आई। उसे दूसरे दिन खून की उल्टियां होने लगीं। निखिल को रांची के एक अस्पताल में ले जाया गया परन्तु वह बच नहीं सका। सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट सावधानी से करना चाहिये ताकि कोई अनावश्यक विवाद न हो।*

## सार-संक्षेप



### मंत्री शिव डहरिया का विजय ने किया स्वागत

**बिलासपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया नगर पंचायत बोदरी आगमन पर नगर पंचायत बोदरी के वरिष्ठ पार्षद विजय वर्मा द्वारा शाल श्री फल व फूल माला से अभिनदंन कर, बोदरी नगर को जल अवर्धन हेतु 77 करोड़ की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में महिलायें उपस्थित थी।

### त्रिलोक दर्जनों गणेश उत्सव आरती व अन्य कार्यक्रम में हुए शामिल



**बिलासपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता ,पिछड़ा वर्ग के राष्टीय नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव त्रिलोक चंद्र श्रीवास अपने सहयोगियों सहित बेलतरा विधानसभा के और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गणेश उत्सव पंडाल में पहुंचकर आरती एवं अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अपने और बेलतरा, बिलासपुर के खुशहाली के लिए भगवान विघ्न विनाशक विनायक जी से प्रार्थना किया। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बिलासपुर वासियों को गणेश उत्सव के हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया है ,त्रिलोक चंद्र श्रीवास बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के चांटीडिंह, चिंगराजपारा, लिंगयादीह, मोपका, अशोकनगर,खमताराई, मंगला,दीनदयाल कॉलोनी, अमन विहार, कोनी, बिरकोना सहित अनेक स्थानों पर इन कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए । इस अवसर पर श्री त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित महेश मिश्रा, कांग्रेस नेता पंडित नीलय शर्मा, शहर कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री पंडित मंगल बाजपेई, पुष्पकांत साहू, सनी शुक्ला, विकास सिंह ठाकुर पार्थ पर्त्ते, चरण सिंह राज पंडित जितेंद्र शर्मा जीतू, गणेश वर्मा, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### अभियंता संघ के भारत भूषण जायसवाल बने अध्यक्ष

**बिलासपुर,** 26 सितंबर ( देशबन्धु ) । छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल पत्रोपाधि अभियंता संघ का चुनाव 24/9/2023 को बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एस के राय एवं सहायक चुनाव अधिकारी नीलकंठ चंद्राकर के द्वारा दोपहर 12 बजे निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सबसे पहले संघ के अध्यक्ष पद के लिये दो प्रत्याशी इं. भारत भूषण जायसवाल एवं इं. महेश्वर टण्डन के द्वारा नामांकन दाखिल किया साथ ही महासचिव पद के लिये भी दो प्रत्याशी इं. समीर पाण्डेय और इं. श्रीकांत बड़गैया ने अपना नामांकन दाखिल किया। जाँच उपरान्त सभी प्रत्याशी का नामांकन वैध पाया गया। तत्पश्चात मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मतदान मे भाग लेने के लिए जगदलपुर, अम्बिकापुर, रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर एवं रायगढ़ रीजन जेनरेशन कम्पनी के कोरबा वेस्ट, कोरबा ईस्ट, मड़वा, डीएसपीएम, तथा ट्रांसमिशन कंपनी के 488 इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 488 मत पड़े जिसमें से इं. भारत भूषण जायसवाल को कुल 332 मत तथा इं. महेश्वर टण्डन को कुल 154 मत मिला एवं 2 मत अवैध घोषित किया गया। इस प्रकार इं. भारत भूषण जायसवाल अध्यक्ष पद के लिए 178 मतों के अंतर से विजयी घोषित हुए। इसी प्रकार महासचिव पद के लिए कुल 488 मत डाले गये जिसमे से इं. समीर पाण्डेय को कुल 246 मत तथा इं. श्रीकांत बड़गिया को कुल 240 मत मिले एवं 2 मत अवैध घोषित किए गए। इस प्रकार समीर पाण्डेय महासचिव पद के लिए 6 मतो के अंतर से विजयी घोषित हुए। मतगणना पश्चात विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मतदान सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। निर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि संघ मे केवल दो पद अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए निर्वाचन किया जाता है एवं शेष पदों पर अध्यक्ष एवं महासचिव के द्वारा केंद्रीय कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का मनोनयन किया जाता है। सभी सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्ष का होता हैं।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं

### भिलौनी के ग्रामीणों ने भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की लगाई गुहार

### मल्हार के तालाब की साफ-सफाई करवाने नगरवासियों ने की मांग



**बिलासपुर**, 26 सितम्बर(देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर दराज से आए सभी वर्ग के लोगों से मुलाकात कर बड़े इत्मीनान से करीब साढ़े तीन घंटे तक उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्परता से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर खेती–किसानी के ताजा हालात की जानकारी ली।

जनदर्शन में तखतपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत भिलौनी के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम काठाकोनी से भिलौनी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इस सड़क में भारी वाहनों का अत्यधिक आवागमन हो रहा है, जिससे यह क्षतिग्रस्त हो रहा है। साथ ही दुर्घटना की भी स्थिति बनी रहती है। ग्रामवासियों ने इस पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को कार्यवाही के निर्देश दिए। नगर पंचायत मल्हार के निवासियों ने बताया कि मल्हार ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी है और प्रमुख पर्यटन स्थल है। मल्हार में 126 तालाब राजस्व रिकार्ड में है, जिसमें से 65 तालाब अभी जीवित है। बाकि में अवैध कब्जा कर लिया गया है। इनमें से प्राचीन एवं बहुउपयोगी तालाब छोटे खैया है, जिसके पानी का उपयोग पीने एवं स्नान के लिए करते हैं। उक्त तालाब में 15 वर्षों से जलकुंभी से पट गया है और अवैध कब्जा भी किया गया है। नगरवासियों ने तालाब की सफाई एवं अवैध कब्जा हटाने की मांग की। ग्राम कुरेली तखतपुर निवासी श्री रमाकांत कौशिक ने किसान क्रेडिट कार्ड से प्राप्त ऋण की मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की ऋण माफी की घोषणा के बाद भी ऋण की भुगतान के लिए बैंक द्वारा नोटिस दिये जाने की जानकारी दी। उनके इस प्रकरण पर कार्यवाही के लिए लीड बैंक अधिकारी को निर्देशित किया गया। रतनपुर तहसील के ग्राम चपोरा निवासी निलेश यादव ने कृषि कार्य के लिए वन भूमि में पट्टा दिलाने की मांग की। नगर पंचायत मल्हार के वार्ड क्र 10 के निवासियों ने सड़क में नाली का गंदा पानी भरने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नाली के गंदे पानी से गली में कीचड़ जमा हुआ है, जिससे चलने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने मोहल्ले की सड़क मरम्मत करवाने की मांग की। इस मामले को मल्हार सीएमओ देखेगें।

### बच्चों ने की पूजा अर्चना



**बिलासपुर**,26 सितंबर ( देशबन्धु) ।अरपांचल सेवा समिति गणेश उत्सव बालिका दिवस के उपलक्ष्य में छोटी बच्चियों के हाथों श्री गणेश जी की विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई ।इस दौरान सी एम डी कॉलेज के चेयरमैन संजय दुबे किरण सिंह अध्यक्ष ज्ञानेंद्र उरमालिया कार्यकारी अध्यक्ष समिति सदस्य चंचल सलूजा नीरज गेमनानी उपस्थित रहे।

# आवास हिनों से आवास छिनकर किस आवास के लिये यात्रा कर रहें है राहुल गांधी- कौशिक



**बिलासपुर**,26 सितंबर ( देशबन्धु) । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने राहुल गांधी द्वारा किये जा रहे छत्तीसगढ़ दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी आवास न्याय योजना के लिये छत्तीसगढ़ आ रहे है जो कि एक बार फिर से जनता के साथ ढोंग है। जब तक राज्य में भाजपा की सरकार रही, तब लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ की रफ्तार बहुत तेज रही। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही गरीब का हक छीन लिया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब केन्द्र सरकार ने 16 लाख प्राधानमंत्री आवास स्वीकृत किए, निर्माण के लिए पैसा दिया, तब यह आवास क्यों नहीं बनाए? और पूरे प्रदेश के 12 लाख लोगों से आवास छीनकर अब किस आवास के लिये यात्रा पर निकले हैं राहुल गांधी? जब प्रदेश के 16 लाख परिवार अवास से वंचित थे तब राहुल गांधी को इनकी याद क्यों नहीं आयी? उन्होंने कहा कि जो पार्टी गाय, गोबर में भी भ्रष्टाचार करें उनकी मानसिकता क्या हो सकती है ये प्रदेश की सभी जनता भलीभांति समझ चुकी है। कांग्रेस की नीति को जनता अच्छे से समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास के राग अलापती है किन्तु हकिकत यह है कि इन 60 महिनों में 60 कार्य भी नहीं किये है जिसे लेकर जनता के बिच जा सके ।राहुल गांधी को अपने ही सरकार से सवाल करना चाहिए कि जिन उम्मीदों के साथ जनता ने सरकार बनाई है, उसे पूरा करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने क्या किया है।

# शहर में मच्छरों का आतंक, वार्डो से फांगिग मशीन गायब




**बिलासपुर**,26 सितंबर ( देशबन्धु) । शहर में लोग मच्छर के आतंक से परेशान हैं। क्या दिन और क्या रात मच्छरों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है वही बरसात की वजह से पूरे शहर में मच्छर और भी दोगुना हो गया है इधर निगम का फॉगिंग मशीन अब केवल विधायक महापौर और निगम समेत प्रसाशनिक अधिकारियों वीआईपी बंगलों और वीआईपी कालोनी तक सीमित रह गया है । वही शहर के कई ऐसे क्षेत्र है जहाँ लोगों को याद तक नही की कब फागिंग मशीन आया रहा।

शहर की आम जनता मच्छर के प्रकोप बढ़ने से लोगों को मच्छर से होने वाले रोग की आशंका सताने लगा है । बरसात की वजह से बिजली गुल होते ही कमरे में एक मिनट के लिए रुक पाना मुश्किल होता है। सबसे ज्यादा तो बच्चों को लेकर चिंता होती है। कहीं इन मच्छरों के कारण बच्चों को डेंगू, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी न हो जाए। खासकर जलजमाव वाले इलाके के लोग मच्छर के आतंक से अधिक परेशान हैं। सोते- जागते, उठते–बैठते हर वक्त मच्छरों की भिनभिनाहट और डंक से लोग परेशान हैं। बावजूद इसके निगम और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य जिम्मेदार विभाग लापरवाह बने हुए हैं। साथ ही शहर के जिम्मेदार नेताओं ने कभी इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा है ।वही शहर वासियो का कहना है कि शहर के आम नागरिकों की चिंता न तो विधायक को हैं और न ही जिम्मेदार अन्य नेता अधिकारियों को हैं , देखा जा रहा है कि मच्छरों को भगाने के लिए जलाए जाने वाले क्वायल व मच्छर अगरबत्ती सहित अन्य उपाय भी कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं। लोग ज्यादा देर क्वायल इसलिए भी नहीं जला पा रहे हैं कि इसका धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शहर के घनी आबादी क्षेत्र वाले मोहल्लों में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ जाता है कि लोगों का चैन से बैठना भी मुहाल हो गया है।

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य,दस ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

### वाई-कर्व को शिफ्ट करने से वहां पर रेल कनेक्टिविटी बेहतर हो सकेगी

**बिलासपुर,** 26 सिंतबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है ।अभी वर्तमान में जामगा और झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का निर्माण एवं विद्युतीकृत का कार्य एक साथ किया गया है ।वहाँ लाजकुरा रेलवे स्टेशन में वर्तमान में स्थित वाई–कर्व को लाजकुरा एवं ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनो के मध्य एक नये लोकेशन पर परिवर्तित किया जा रहा है ।इस वाई–कर्व को वहाँ परिवर्तित करने से अप एवं डाउन दोनों दिशाओ में रेल परिचालन और भी व्यवस्थित एवं प्रभावी हो सकेगा ।इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन दिनांक 02 अक्टूबर से 18 अक्टूबर, 2023 तक प्रभावित रहेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।




**रद्द होने वाली गाडियां**– 06 से 13 अक्टूबर, 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर–पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।07 से 14 अक्टूबर, 2023 तक पटना से चलने वाली 22844 पटना–बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 02 से 18 अक्टूबर तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर–इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 04 से 20 अक्टूबर तक इतवारी से चलने वाली 18110 इतवारी–टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 01 से 17 अक्टूबर तक शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार–कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 03 से 19 अक्टूबर तक कुर्ला से चलने वाली 18029 कुर्ला–शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 01 से 17 अक्टूबर तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर–बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।02 से 18 अक्टूबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर–टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।02, 03, 06, 07, 09, 10, 13 एवं 14 अक्टूबर, तक कुर्ला से चलने वाली 12101 कुर्ला–शालीमार सुपर फास्ट ज्ञानेश्वेरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 04, 05, 08, 09, 11, 12, 15 एवं 16 अक्टूबर तक शालीमार से चलने वाली 12102 शालीमार–कुर्ला सुपर फास्ट ज्ञानेश्वेरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

**बीच में समाप्त होने वाली गाडियां**– 02 से 18 अक्टूबर तक गोंदिया एवं झारसुगुडा से चलने वाली 08861/08862 गोंदिया–झारसुगुडा–गोंदिया मेमू स्पेशल पैसेंजर रायगढ़ एवं झारसुगुडा के बीच रद्द रहेगी ।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडिया**– 02, 05, 09, 12 एवं 16 अक्टूबर, 2023 तक भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर–कुर्ला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा–टिटलागढ़–रायपुर होकर चलेगी ।04, 07, 11, 14 एवं 18 अक्टूबर, 2023 तक कुर्ला से चलने वाली 12879 कुर्ला–भुवनेश्वर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर–टिटलागढ़–झारसुगुडा होकर चलेगी । 03, 10 एवं 17 अक्टूबर, 2023 तक पूरी से चलने वाली 22866 पूरी–कुर्ला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा–टिटलागढ़–रायपुर होकर चलेगी ।05, 12 एवं 19 अक्टूबर, 2023 तक कुर्ला से चलने वाली 22865 कुर्ला–पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर–टिटलागढ़–झारसुगुडा होकर चलेगी । 02 से 18 अक्टूबर तक रेल यात्रियो की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये रायगढ़ एवं झारसुगुडा के बीच 12834 हावड़ा–अहमदाबाद एक्सप्रेस को पैसेंजर बनकर चलेगी।

# सार-संक्षेप

## कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय में आयोजित आज जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुँचे लोगों से कलेक्टर सौरभ कुमार ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदकों ने बारी-बारी से कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर निराकरण की मांग की।

जनचौपाल में आज 194 लोगों ने आवेदन दिए। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य इलाज हेतु सहायता, नौकरी की मांग, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, मुआवजा प्रकरण के निराकरण, लंबित मजदूरी भुगतान, बिजली समस्या संबंधी शिकायतें, नामांतरण, सीमांकन, पेंशन प्रकरण, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन भी शामिल रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार नाग सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मसीही समाज ने बपतिस्मा घाट के लिए लखन से की मुलाकात



**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मसीही समाज के आवश्यक संस्कार में शामिल बपतिस्मा संस्कार को पूर्ण करने के लिए एक घाट की मांग को लेकर समाज के अनुयायियों ने बीजेपी के प्रत्याशी लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस मांग को भाजपा द्वारा बनाये जा रहे घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की गई।

समाज के रघुवीर सिंह ने कहा है कि मेरे साथी जिला कोरबा में आत्मिक संगती संस्था के नाम से चर्च लगाते हैं जो कि एक पंजीकृत संस्था है। ईसाई समाज में बपतिस्मा एक महत्वपूर्ण भाग है। जिस प्रथा को पूरा किये बिना ईसाई समाज का कोई भी सदस्य विवाह की प्रक्रिया पूरी नहीं कर सकता। बपतिस्मा को लेकर मसीही समाज में ऐसे कई महत्तपूर्ण मान्यता है जिसे पूरा करना आवश्यक होता है परन्तु स्थान और बपतिस्मा घाट की कमी होने के कारण मसीह समाज बपतिस्मा के रिवाज को पूरा करने में असमर्थ हैं जो कि समाज के विकास में एक बाधा सा हो गया है। जिले में लगभग 50 चर्च हैं जहाँ बपतिस्मा के लिए कोई भी साधन नहीं है। जिले में एक बपतिस्मा घाट बनता है, तो यह मसीह समाज के लिए बड़ी सौगात होगी। यह भी बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में कहीं भी बपतिस्मा घाट मौजूद नहीं है। मांग पर लखनलाल देवांगन ने आश्वासन दिया है। प्रति भाजपा के घोषणा पत्र समिति संयोजक विजय बघेल को भी दी गई है।

## आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला आज

कोरबा, 26 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव: अभियान के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन 27 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में किया जाएगा। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाने की अपील लोगों से की है।

## पट्टा वितरण का शुभारंभ आज

**कोरबा**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम अंतर्गत कोरबा जिले में पट्टा वितरण का शुभारंभ 27 सितंबर को प्रात: 11:30 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 14 से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पंजीयन एवं पुनर्वास मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में तथा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति एवं पार्षद व एल्डर मैन की उपस्थिति में किया जाएगा।

## दिव्यांगता बाधा न बने इसके लिए मिलकर आगे आएं-बीईओ

**कोरबा-पाली,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा का समावेशीकरण के अंतर्गत एक सामान्य छात्र,एक दिव्यांग छात्र के साथ विद्यालय में एक ही छत के नीचे समान रूप से शिक्षा तो प्राप्त करे ही,साथ ही अपनी भावनाओं इच्छाओं व अनुभव को भी अपने साथियों के साथ समान रूप से साझा करें।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पाली श्यामानंद साहू के निर्देशन में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम तथा बीआरसी रामगोपाल जायसवाल के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ। बीआरसीसी जायसवाल ने कहा कि उक्त दोनों कार्यशाला बच्चों,पालकों,शिक्षकों प्रधान पाठकों के संज्ञान में इस बात को लाना की दिव्यांगता अभिशाप नहीं। प्रेम,अपनापन,भाईचारा से उन नवनिहालों का हम स्वागत करें जो इस श्रेणी में आ रहे हैं,तभी स्वस्थ समाज शिक्षक विकसित कर पाएंगे,मुख्य एमटी श्रीमती माधुरी मोहड़ ने 21 प्रकार के दिव्यांगता की जानकारी सरल शब्दों में दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश गौतम, निर्मल राठौर, तुलसी जगत,सुनील जायसवाल, मनमोहन डिक्सेना, रामकृष्ण साहू, संतोष कर्ष, दुष्यंत उइके, दीपक कँवर, अनिल जगत, अमर पैकरा, वीरेंद्र जगत, दिलकेश मधुकर, राम कृपाल यादव रविशंकर यादव तथा पालक गण,बच्चों आदि का सहयोग रहा।

## दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 03 दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदाय किए जाते हैं। यह योजना उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगजनों के लिये कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, सर्वोत्तम जिला एवं नियोक्ताओं को पुरस्कृत करने से दिव्यांग व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास हेतु समुदाय के प्रेरित का अवसर प्राप्त होता है। इस हेतु जिला कोरबा के ऐसे इच्छुक स्वैच्छिक संस्था जो दिव्यांगजनों के हित में कार्य कर रहे, दिव्यांग कर्मचारी एवं नियोक्ताओं से अपील है कि, दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु अपना आवेदन प्रस्ताव कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग कोरबा में 08 अक्टूबर 2023 तक जमा कर सकते हैं।

# सड़क व पुल के लिए तरस रहे बिरहोर, बारिश में कटा संपर्क

## बच्चों का स्कूल आना-जाना बंद, नदी पार करने में जान का खतरा





कोरबा-करतला, 26 सितंबर (देशबन्धु)। अरबों रुपए बजट वाले कोरबा जिले के ग्रामीण अंचल के अनेक इलाके आज भी पहुंच विहीन है। यहां रह रही जनजातियों को मुख्य धारा से जोड़ पाने में कहीं न कहीं पूरी तरह से सफलता नहीं मिल सकी है। ऐसे ही करतला ब्लाक के ग्राम पंचायत गेरांव के बांसाखर्रा में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। इनके समक्ष मुख्य समस्या आवागमन की है जो सडक़ व पुल के अभाव में वर्षों से बनी हुई है। ग्राम बांसाखर्रा की मंगली बिरहोर सहित जनजाति के अन्य लोगों ने कलेक्टर जनचौपाल में अपनी पीड़ा व्यक्त की है। इन्होंने बताया कि गांव से करतला आने-जाने की परेशानी होती है। सडक़ व पुल नहीं होने के कारण अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव के स्कूली बच्चों को पूर्व माध्यमिक शाला करतला आने-जाने में परेशानी होती है। नदी में पानी भरे होने के कारण बच्चों का स्कूल आना-जाना बंद हो जाता है। नदी पार करते समय बच्चों के डूब जाने का खतरा बना रहता है। बिरहोर परिवार में किसी भी व्यक्ति की अचानक तबियत खराब हो जाता है या बेहोश हो जाते हैं तो करतला अस्पताल से 108 एम्बुलेंस की सुविधा भी नहीं मिल पाती है। इसी तरह महतारी एक्सप्रेस 102 की भी सुविधा नहीं मिल पाती है क्योंकि सडक़ व पुल नहीं होने से वाहन के आने-जाने की सुविधा नहीं है। बारिश के मौसम में बिहार जनजाति के लोगों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाने के कारण मरीज को खाट के सहारे नदी पार करके करतला अस्पताल ले जाना पड़ता है तभी उस मरीज का उपचार हो पाता है। पीव्हीटीसी समुदाय के लोगों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु विचार करने का आग्रह कलेक्टर से किया गया है ताकि बिरहोरों को आने-जाने की सुविधा मिल सके। ग्राम बांसाखर्रा में बिरहोरों तक पहुंच मार्ग के लिए सडक़ एवं पुल निर्माण कराया जाए।

**बीमार होने पर 108, 102 की भी नहीं मिल पाती सुविधा, खाट का सहारा**

# सूने मकान से 6 लाख के जेवरात सहित नगदी की चोरी



**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मानिकपुर चौकी अंतर्गत एसईसीएल की सुभाष ब्लाक कालोनी के एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर लगभग 6 लाख के जेवरातों सहित नगदी की चोरी कर ली है।

जानकारी के अनुसार 24 सितंबर की रात एसईसीएल सुभाष ब्लाक कालोनी सी-5 निवासी दीपक कुमार राव के मकान के दरवाजा की कुण्डी तोडक़र चोरों ने करीब 6 लाख के जेवरात सहित नगदी रकम पार कर दिया है। चोरों ने मकान के सामने का दरवाजा की कुण्डी को तोडक़र भीतर रखी आलमारी व लॉकर को रॉड से तोडक़र लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवरात सहित 22 हजार रुपए नगदी को पार कर दिया। दीपक कुमार राव ने बताया कि वे 24 सितंबर को परिवार के साथ रांची गए हुए थे। सोमवार को उन्हें वापस कोरबा आना था लेकिन इस बीच चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। इस मामले में मानिकपुर चौकी में सूचना दे दी गई है।

## बारिश में क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा वितरण सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने समय-सीमा की बैठक लेकर एसडीएम को निर्देशित किया कि वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा प्रकरण तैयार कराकर सम्बंधित हितग्राहियों को वितरित करें। उन्होंने प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में नगरीय निकाय अंतर्गत इस सप्ताह से प्रारंभ होने वाले पट्टे वितरण की स्थिति की समीक्षा की और दावा आपत्ति प्राप्त कर नियमानुसार वितरण कराने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग अंतर्गत क्षतिग्रस्त नहर के मरम्मत की जानकारी प्राप्त कर प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य, ईपिक कार्ड के संबंध में उप निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, डीएफओ श्री कुमार निशांत, नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षित बेरोजगारों के लिए उद्यमिता जागरूकता शिविर आज

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी द्वारा प्रायोजित अति सूक्ष्म इकाई संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र भवन कोरबा में 27 सितंबर को आयोजित है। शिविर के आयोजक जीयूएसएस है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को उद्यमिता के बारे में जानकारी देना और उन्हें उद्यमी बनाने में संपूर्ण सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम में कोरबा ब्लाक एवं आसपास के क्षेत्र में स्थापित किये जा सकने वाले उद्योग संबंधी जानकारी, खादी और ग्रामोद्योग की पीएमईजीपी योजना संबंधी जानकारी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, सीजीटीएमएसई की ऋण गारंटी योजना, उद्यमी के गुण, उद्योग के अवसर की खोज, उद्योग व्यवसाय का चयन, बाजार सर्वेक्षण, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, स्टैण्ड अप इंडिया योजना व बैंक से वित्तीय सहायता एवं संबंधित विभाग में आवेदन करने हेतु संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

## न्यायाधीश दीपक कुमार का अल्प प्रवास पर

**कोरबा**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक कुमार तिवारी 28 सितंबर को प्रात: 8.30 बिलासपुर से प्रस्थान कर कटघोरा सर्किट हाउस में अल्प प्रवास पर ठहरेंगे। वे 1 अक्टूबर को प्रात: 9.30 बजे सूरजपुर से प्रस्थान कर कटघोरा के विश्राम गृह में अल्प प्रवास में ठहरेंगे।

## आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा संकल्प सप्ताह

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। नीति आयोग द्वारा 3 अक्टूबर से संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की गई। संकल्प सप्ताह का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे से भारत मण्डपम आईटीपीओ नई दिल्ली में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में सभी अधिकारियों को उपस्थिति प्रदान कर वर्चुअल जुड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह जिला पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों को भी जिला पंचायत सभा कक्ष में उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

## जवाहर नवोदय में 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी है। अभ्यर्थीगण 31 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर निःशुल्क भरे जा सकते हैं। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कोरबा ने बताया कि चयन परीक्षा के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालय अंतर्गत सत्र 2023-24 में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। अभ्यर्थी को कोरबा जिला का वास्तविक निवासी होना चाहिए।

## अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर की जा रही दण्डात्मक कार्यवाही

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले में अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन, निर्माण, धारण आदि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु जिले में सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी द्वारा दल गठित कर अवैध मदिरा विक्रय के संभावित स्थानों पर आकस्मिक छापामार कार्यवाही की जा रही है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार माह सितम्बर 2023 में अब तक 87 आरोपियों को अवैध शराब निर्माण, बिक्री या परिवहन करते हुए विभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जिसमें 553 लीटर शराब और 2580 किलोग्राम शराब बनाने का लाहन बरामद कर जब्त किया गया है। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी नियंत्रण स्थापित किए जाने हेतु विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री, परिवहन आदि की शिकायत एवं सूचना देने के लिए मोबाईल नम्बर-92445-17388 और टोल फ्री नम्बर 14405 जारी किया गया है। अवैध शराब के विरूद्ध की जा रही कार्यवाहियों में रमेश कुमार अग्रवाल सहायक जिला आबकारी अधिकारी, सोनल अग्रवाल सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का योगदान है।

# मौसम साफ हुआ तो पंडालों में उमड़े लोग





**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। लगातार बारिश और शाम के वक्त तेज बारिश होने के कारण लोग गणेश पूजा-पंडालों में दर्शन के लिए अपेक्षाकृत पहुंच नहीं पा रहे थे। 2 दिन से मौसम साफ होने तथा शाम के वक्त बारिश नहीं होने से इसका पूरा - पूरा फायदा लोगों के द्वारा उठाया जा रहा है। इसके कारण गणेश पूजा पंडालों में अपेक्षाकृत भीड़ उमड़ रही है। मुख्य मार्ग के पंडालों से लेकर आयोजन के लिए प्रसिद्ध गलियों में स्थापित पंडालों में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण काफी गहमा-गहमी बन रही है। आलम यह है कि पैर रखने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। सीतामणी महात्मा गांधी मार्ग में भगवान गणेश और उनकी टीम को क्रिकेट खेलते देखने के लिए तथा उनकी बारात और भोज में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। प्रसिद्ध गणेश उत्सव समिति के द्वारा इस बार बनाए गए अनोखे कलाकृतियों को भरपूर सराहना मिल रही है।

# प्रदेश का विकास और सबकी आय में वृद्धि करना रही हमारी प्राथमिकता

**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरबा जिले को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुडक़र जिले में 73 कार्यों अंतर्गत 150 करोड़ 51 लाख 99 हजार रुपए लागत के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने नवा छत्तीसगढ़ गढने का संकल्प लिया है और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश के विकास को प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण कार्य कराए। राज्य के सभी जिलों में 7300 कार्य अंतर्गत 6 हजार 80 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है, इससे राज्य को एक नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कोरबा जिले के अंतर्गत 33 कार्यों लागत 58 करोड़ 63 लाख 69 हजार रुपए का लोकार्पण और 40 कार्यों के अंतर्गत 91 करोड़ 88 लाख 30 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के सभी मंत्रीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने विकास कार्यों की सौगात मिलने पर जिलेवासियों को बधाई दी। जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल कँवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, कलेक्टर सौरभ कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सभी अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने जिले में 150 करोड़ से अधिक के कार्यों की दी सौगात**



**150 करोड़ 51 लाख 99 हजार के कार्यों का हुआ लोकार्पण-भूमिपूजन**

जिले के विकास कार्यो में विधानसभा कटघोरा में कुल 4752.43 लाख की लागत से कुल 36 विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। जिसमें 61.7 लाख की लागत से 24 कार्यो का लोकार्पण एवं 4141.73 लाख की लागत से 12 कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार विधानसभा पाली-तानाखार में कुल 8252.82 लाख की लागत का 25 कार्य शामिल है। इन कार्यो में 3526.78 लाख की लागत के 5 कार्यो का लोकार्पण एवं 4726.4 लाख की लागत के 2 कार्यो का भूमिपूजन, रामपुर विधानसभा के अंतर्गत 215.47 लाख की लागत के कुल 1 कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। इसके तहत 1334.94 लाख की लागत के 2 कार्यो का लोकार्पण एवं 77.53 लाख की लागत के 8 कार्यो का भूमिपूजन शिलान्यास एवं विधानसभा कोरबा के अंतर्गत कुल 391.27 लाख की लागत के कुल 2 कार्यो का लोकार्पण किया गया।

## प्रभारी मंत्री डॉ. डहरिया ने दी बधाई

जिले को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिलने पर जिले वासियों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। गाँव-गाँव में लोकार्पण और भूमिपूजन के साथ छोटे-बड़े कार्यों के माध्यम से आमनागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है तथा यह मील का पत्थर साबित होगी।

# सार-संक्षेप

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ का सम्मेलन आज



**एमसीबी** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन 27 सितंबर को रायपुर में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष करेंगे एवं अध्यक्षता सत्यनारायण शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र तिवारी अध्यक्ष,खादी ग्राम उद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़, विकास उपाध्याय संसदीय सचिव एवं विधायक, रामकुमार पटेल अध्यक्ष शाकंम्भरी बोर्ड रायपुर, सुशील आनंद शुक्ला मुख्य प्रवक्ता छ.ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, द्वारकाधीश यादव संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। आयोजित सम्मेलन में पत्रकार साथियों की समस्याओं के निदान में सार्थक पहल काप्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के दौरान बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी शामिल होंगे। संतोष पांडेय सांसद राजनंदगांव, सुनील सोनी सांसद रायपुर, चुन्नीलाल साहू सांसद महासमुंद, लाभचंद बाफना पूर्व विधायक साजा, पुरंदर मिश्रा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ उत्कल समाज, इंदु बंजारे विधायक पामगढ़ को आमंत्रित किया गया है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के संरक्षक ब्रजेश चौबे, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, प्रदेश संयोजक राजेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, प्रदेश कार्यालय सचिव मनोज मिश्रा, प्रदेश सलाहकार भरत मिश्रा, राम साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## अधिवक्ता संघ चिरमिरी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**चिरमिरी** 25 सितंबर (देशबन्धु)। अधिवक्ता संघ चिरमिरी का शपथ ग्रहण समारोह में मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ विनय जायसवाल, महापौर कंचन जायसवाल ,श्याम विहारी जायसवाल पुर्व विधायक, अरूण सिंह चौहान के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण समारोह में अतिथियों का गुच्छ से स्वागत किया गया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम मे मुख्य व विशिष्ट अतिथियो सहित अन्य अतिथियो मे श्रीमती दिप्ती न्यायिक मजिस्ट्रेट वर्ग एक, चिरिमिरी व्यवहार न्यायलय सिंह गौर,मनोज कुमार कुशवाहा, विनय कुमार प्रधान ,दीपक कुमार शर्मा, रमेश पटेल, आनन्द कुमार ध्रुव , अध्यक्ष अनिल सिंह, क्रमशः उपाध्यक्ष निलेश जायस्वाल, सचिव छत्रपाल सिंह, सहसचिव दिलिप गुप्ता, कोशाध्यक्ष समर सिंह, क्रिडा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नरेन्द्र कुमार आर्य, को पद व गोपनियता की शपथ दिलायी !

जिला न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ध्रुव ने कहा कि संघ अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पुर्वक निभाते हुये सबके साथ सहयोग की भावना व नम्रता भरा होना ही एक अच्छे अधिवक्ता कि पहचान होती है, सही न्याय सबको मिले ओर निर्बल असहाय को विधी की जानकारी कैसे निशुल्क प्राप्त हो। विधायक विनय जायसवाल ने अधिवक्ताओ की काफ़ी समय अतिरिक्त जिला न्यायालय की मांग के पुरा होने पर बधाई दी ओर जरुरत के हिसाब से उसे पुरा करने की मंशा जतायी ! पुर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी अतिरिक्त जिला न्यायालय की मांग अधिवक्ताओ कि पुरी होने पर बधाई दी।

## शिवांश जैन बने युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

**चिरमिरी** 26 सितंबर (देशबन्धु)। चिरमिरी नगर पालिका निगम के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य युवा नेता शिवांश जैन को छत्तीसगढ़ व युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल, संजीव शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं स्थानीय विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने शिवांज जैन को बधाई दी है। युवाओ की आवाज को मजबूती के साथ बुलंद करने के लिए और मेहनत करने की बात कही है, इसके पहले शिवाश जैन का चयन छत्तीसगढ़ यंग इंडिया के बोल मे दिल्ली तक हुआ था, ! आशा है छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ जिले और चिरमिरी के युवाओं के हित की बात शिवांश जैन से मजबूती से रखेंगे।



## गणेश पूजा समितियों के सम्मान के लिए समिति का गठन




**चिरमिरी** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं को धरातल में पहुंचाने राजीव मितान क्लब द्वारा ने योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाना है। क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आईबी चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए गणेश पूजा की समितियां को पुरस्कार दिए जाने के लिए चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति में गोपाल द्विवेदी राकेश श्रीवास्तव रविंद्र सिंह राजेश्वर श्रीवास्तव शोएब अख्तर शिवांश जैन के.डी.महंत उमाशंकर अलगमकर आशुतोष मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मुख्यमंत्री ने 26 जिलों में 6080 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास

- सरगुजा जिले को 53.75 करोड़ के 128 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं 149.69 करोड़ के 134 विकास कार्यों के शिलान्यास की मिली सौगात
- 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार बेहतर अधोसंरचना का किया जा रहा कार्य- मुख्यमंत्री



**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में 26 जिलों में 6080 करोड़ रुपए की लागत के 7300 विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सरगुजा जिले के जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में स्थित पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा जिले को वर्चुअल माध्यम से 203.44 करोड़ के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की सौगात दी गई, जिसमें 53.75 करोड़ के 128 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 149.69 करोड़ के 134 विकास कार्यों का शिलान्यास के कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यो के साथ ही किसानों, मजदूरों, वनवासियों, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाए जा रहे हैं जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

इस दौरान पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, महापौर डॉ अजय तिर्की, कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, एमआईसी सदस्य श्री द्वितेंद्र मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, स्थानीय जनप्रतिनिधी, जिले के अधिकारी- कर्मचारी एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राही उपस्थित थे।

## विभिन्न विभागों के हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राही हुए लाभान्वित

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में 53.75 करोड़ रुपए के 128 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर में 2 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड, नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य एवं शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्य लागत 1.62 करोड़, दरिमा में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण लागत 71 लाख, डीएमएफ अंतर्गत अलग अलग विकासखंडों में विभिन्न निर्माण कार्य लागत 1.91 करोड़, समग्र शिक्षा अंतर्गत 9 प्राथमिक शाला स्कूलों के अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 5 लाख, राम वन गमन पर्यटन परिपथ कार्य रामगढ़, डब्ल्यूबीएम मार्ग निर्माण कार्य, अर्दन डेम निर्माण कार्य, नरवा विकास कार्य एवं निर्माण कार्य लागत 17.27 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत तटबंध, पुलिया निर्माण एवं घाट कटिंग निर्माण, सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य लागत 5.45 करोड़ शामिल है। इसी तरह लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आदिवासी बालक व कन्या छात्रावास भवन, मिनी स्टेडियम, कमिश्नर कार्यालय, सैनिक विश्राम गृह, सर्किट हाउस में जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 17.16 करोड़, जल-जीवन मिशन के एकल ग्राम में नल जल प्रदाय 7 कार्य लागत 7.28 करोड़, अलग अलग विकासखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्यों लागत 1.82 करोड़ सहित कुल 53.75 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में 149.69 करोड़ के 134 विकास कार्यों के शिलान्यास किया। जिसमेंमुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य मद अंतर्गत 25 सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास जिसकी कुल लागत 32.96 करोड़ होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 21.91 करोड़, देवगढ़ व्यपवर्तन योजना लागत 49.30 करोड़, गंगोली उदवहन योजना अंतर्गत कार्य लागत 2.08 करोड़, समग्र शिक्षा के तहत सात स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 82 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 43 कार्य लागत 3.50 करोड़, कैम्पा मद अंतर्गत 18 कार्य लागत 6.16 करोड़, नगर पालिक निगम अंतर्गत 6 कार्य लागत 8.96 करोड़, शासकीय महाविद्यालय धौरपुर का निर्माण कार्य लागत 4 करोड़, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना लागत 9.57 करोड़, क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट स्थापना कार्य लागत 7.43 सहित अन्य विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री तथा चेक प्रदान किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा नर बकरा वितरण योजना के तहत 5 हितग्राहियों को 4-4 हजार रुपए का चेक, श्रम विभाग द्वारा नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत 4 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, उद्यानिकी विभाग के द्वारा 2 हितग्राहियों को गेंदे के फूल क्रय हेतु 16-16 हजार रुपए का चेक तथा 2 हितग्राही को सब्जी उत्पादन हेतु सब्जी मिनी किट प्रदान किया गया।

# काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी-कलेक्टर



**रायगढ़,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। उन्होंने विभागीय काम के अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ईई पीएचई को आगामी कार्ययोजना का शेड्यूल देने के लिए कहा, जिसके आधार पर ही आगे काम के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी भी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ी रही।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति, उचित दर प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति एवं कार्यादेश एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों में भुगतान के संबंध में चर्चा किए। संबंधित अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न मदों के अंतर्गत भुगतान का अनुमोदन किए जाने हेतु प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड में काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पाइप लाइन बिछाने के साथ, टंकी का निर्माण और वहां से घरों में नल कनेक्शन प्रदान करना, इन सभी कामों की गति और गुणवत्ता का विशेष निगरानी रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे काम की क्वालिटी बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। फील्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक के दौरान ईई पीएचई श्री परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ के 7 एवं सारंगढ़ जिले के 2 विकासखण्ड में 3 लाख 13 हजार 129 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुयी थी।

## गणेश पूजा ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व पर शांति व्यवस्था बनाने अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। 28 सितंबर 2023 को हिन्दु धर्मावलंबियों द्वारा गणेश विसर्जन किया जाना एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उन-नबी का त्यौहार मनाया जाना है। उक्त कार्यक्रम एवं त्यौहार के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। इस हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री अमृत लाल ध्रुव रहेंगे।

जारी आदेश अनुसार एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल को अनुभाग क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु संपूर्ण प्रभार, एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही को अनुभाग क्षेत्र सीतापुर हेतु संपूर्ण प्रभार, एसडीएम उदयपुर श्री बीआर खाण्डे को अनुभाग क्षेत्र उदयपुर हेतु संपूर्ण प्रभार, एसडीएम धौरपुर श्री रामसिंह ठाकुर को अनुभाग क्षेत्र धौरपुर हेतु संपूर्ण प्रभार, डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री डीएस उईके को जामा मस्जिद, डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी श्री फागेश सिन्हा एवं नायब तहसीलदार अम्बिकापुर श्री कमलेश कुमार मिरी को रैली के साथ तथा तहसीलदार अम्बिकापुर श्री उमेश्वर सिंह बाज एवं नायब तहसीलदार श्री अजय गुप्ता को कलाकेन्द्र मैदान अम्बिकापुर एवं गणेश विसर्जन हेतु एकत्रीकरण स्थल घड़ी चौक का दायित्व सौंपा गया है।

## उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का दौरा आज

**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 27 सितंबर 2023 को जिले दौरे पर रहेंगे। श्री सिंहदेव प्रातः 10:50 बजे निज तपस्या अम्बिकापुर से मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लिए प्रस्थान करेंगे। पूर्वाह्न 11:00 बजे पोषण आहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे 11:30 बजे मां महामाया प्रवेश द्वार का भूमिपूजन करेंगे। वे 12:30 बजे शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय अम्बिकापुर का शुभारंभ एवं पीजी कॉलेज में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। वे अपराह्न 04:30 बजे गांधी स्टेडियम में महाराजा स्व. एमएम सिंहदेव फुटबाल प्रतियोगिता समापन में सम्मिलित होंगे। श्री सिंहदेव 07:30 बजे वार्ड क्रमांक 11, 47 एवं 48 में कवरपारा, हमर क्लीनिक के पास जन चौपाल में सम्मिलित होंगे।



## खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम

**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत 27 सितंबर 2023 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री भगत पूर्वाह्न 10:15 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा विकासखंड सीतापुर के ग्राम उलकिया के लिए प्रस्थान कर खाद्य इकाई उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे अपराह्न 01:05 बजे ग्राम उलकिया से हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर के लिए पुलिस ग्राउंड हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जोबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औषधालय का शैक्षणिक भ्रमण

**रायगढ़,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के ग्रामीण अंचल स्थित शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के विद्यार्थियों ने आज एक अनूठा और ज्ञानपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। प्राचार्य श्री रविन्द्र कुमार थवाईत बच्चों को लेकर स्थानीय औषधालय पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के महत्व और उपयोग के संदर्भ में जानकारी प्रदाय की।

शैक्षणिक भ्रमण में औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम.महापात्रा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को तकरीबन दो दर्जन से अधिक विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों जैसे घृतकुमारी, हरिद्रा, करंज, नीम, गिलोय, तुलसी और हर्षृंगार आदि के औषधीय गुणधर्मों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण कराया। साथ ही उनके उपयोग के तरीकों का भी अध्ययन कराया। बढ़ते क्रम में छात्रों ने सहायक प्राध्यापक श्री योगेन्द्र कुमार राठिया और छात्राओं ने सहायक प्राध्यापक श्रीमती डॉ. ज्ञानमणि एक्का की मेंटरशिप में वनस्पति जगत के महत्वपूर्ण पहलुओं से रूबरू होने के लिए हर्बल गार्डन का भी लुफ्त उठाया, जिससे उन्हें वनस्पतियों की विविधता और स्वास्थ्य संरक्षण में उनके योगदान के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस दौरे के माध्यम से, विद्यार्थियों ने न केवल सीखने का अवसर प्राप्त किया, बल्कि उन्होंने वनस्पतियों के महत्व को सामाजिक मनोरंजन के साथ समझने का मौका भी मिला। विद्यार्थी भी इस भ्रमण को लेकर खूब उत्साहित रहे।

## उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने ग्राम खुंटिया में किया नवीन विद्युत उपकेंद्र का भूमिपूजन



**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव मंगलवार को ग्राम पंचायत खुटिया, विकासखंड लखनपुर और ग्राम कोटमी विकासखंड उदयपुर में ग्रामीण जनों से मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं और मांगों से अवगत हुए। साथ ही उनके आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने ग्राम पंचायत खुटिया में नवीन 33/11 केवी उपकेंद्र निर्माण हेतु शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत खुटिया में नवीन उपकेंद्र की स्थापना होने से इस उपकेंद्र से लगभग 4530 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। इस नवीन उपकेंद्र से ग्राम खुटिया, लहंगा, महंगई, दुर्गापुर नवापारा, कालीपुर, पथराई, गौहानी, पोतका, गेतरा, निम्हा एवं मुटकी ग्राम को विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इस उपकेंद्र की लागत 2.64 करोड़ रुपए है। ग्राम कोटमी, उदयपुर में ग्रामीण जनों से मुलाकात के दौरान डांडगांव पहुंच मार्ग में पुल निर्माण और कोटमी में सामुदायिक भवन की मांग संज्ञान में आने पर उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र इसे पूरा किए जाने ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उदयपुर श्रीमती भोजवंती सिंह, जनपद उपाध्यक्ष लखनपुर अमित सिंहदेव, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। विद्युत विभाग की ओर से मुख्य अभियंता श्री शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता श्री आर के मिश्रा, कार्यपालन अभियंता श्री आर नागवंशी सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन



**अम्बिकापुर** 26 सितंबर (देशबन्धु)। 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंगलवार को शानदार समापन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में हुआ। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में तीन विधाओं खो-खो, बास्केट बॉल एवं शतरंज खेल में मुकाबला हुआ। जिसमें पांचों संभाग से आए 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष आयुवर्ग के बालक- बालिका वर्ग में कुल 390 खिलाड़ियों ने जोश के साथ जीत हासिल करने जोर लगाया। संभाग दुर्ग ओवरऑल चैंपियन रहा। अब संभाग स्तरीय खेल के विजेता राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में खेलेंगे।

समापन कार्यक्रम में अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में राज्य गीत के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्पर्धा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके बाद खिलाड़ियों ने सम्भागवार मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन पर बधाई दी तथा उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल और अनुशासन बहुत आवश्यक है, अनुशासित रहकर अपने सपनों को पूरा करें। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने समापन समारोह में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की सुविधा हेतु जिला प्रशासन द्वारा समस्त व्यवस्थाएं की गई। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी जीत गए उन्हें बधाई, लेकिन दूसरे और तीसरे नंबर पर आने वाले खिलाड़ियों को भी निराश होने की जरूरत नहीं है। आप में संभावनाएं हैं, अगली बार जीत जरूर होगी। उन्होंने बच्चों से अपील की कि खेल के साथ साथ शिक्षा पर भी ध्यान दें। आपकी आकांक्षाएं बहुत ऊंची हैं, और उन्हें पूरा करने के लिए अपनी पढ़ाई पर जरूर फोकस करें। अपने परिजनों और शिक्षकों का आदर करें। उन्होंने बच्चों से आगामी निर्वाचन में मतदान के प्रति अपने परिवार और क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की अपील की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येशवर शरण सिंहदेव ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी तथा कहा कि जो जीत ना सके वे निराश ना हों, प्रयास करते रहें जीत जरूरी मिलेगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारी तथा सभी खिलाड़ी मौजूद थे।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया, सर्वाधिक पुरस्कार दुर्ग जिले ने अपने नाम किए। प्रतियोगिता में शतरंज खेल के 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय, दुर्ग तृतीय तथा शतरंज खेल के 14 वर्ष आयु वर्ग के बालिका में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, सरगुजा तृतीय, शतरंज खेल के 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय, सरगुजा तृतीय तथा 17 वर्ष आयु वर्ग के बालिका में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, बिलासपुर तृतीय, शतरंज खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, रायपुर तृतीय तथा शतरंज खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग के बालिका में बिलासपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, रायपुर तृतीय स्थान रही। खो-खो खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक में दुर्ग प्रथम, बस्तर द्वितीय, रायपुर तृतीय तथा खो-खो खेल के 19 वर्ष आयु वर्ग के बालिका में दुर्ग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय, बस्तर तृतीय, बास्केट बाल खेल के 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, सरगुजा तृतीय तथा बास्केट बाल खेल के 17 वर्ष आयु वर्ग के बालिका में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय एवं सरगुजा तृतीय स्थान पर रही।

## सार-संक्षेप

### सक्ती जिले में 280 करोड़ की लागत के 194 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन




सक्ती 26 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर निवास कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के 26 जिलों में 6080 करोड़ रूपए की लागत के 7 हजार 300 विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें सक्ती जिले की 28074 लाख रूपए की लागत के 194 कार्य शामिल है। इनमें 13409 लाख रूपए की लागत के 86 कार्य लोकार्पण और 14664 लाख रूपए की लागत के 108 भूमिपूजन के कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यो के साथ ही किसानों, मजदूरों, वनवासियों, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जनहितैशी कार्य चलाए जा रहे हैं। जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। मुख्यमंत्री निवास से आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष से कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सक्ती अंतर्गत 1 करोड़ 19 लाख रूपए की लागत से 12 कार्य, शिक्षा विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से 36 कार्य, कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सक्ती अंतर्गत 3 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से 19 कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 5 लाख रूपए की लागत से 7 कार्य और कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सक्ती अंतर्गत 127 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से 12 कार्य शामिल हैं।

इसी प्रकार भूमि पूजन के प्रमुख कार्यो में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सक्ती अंतर्गत 40 करोड़ 3 लाख रूपए की लागत से 46 कार्य, शिक्षा विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 40 लाख रूपए के लागत से 5 कार्य, स्वास्थ्य विभाग सक्ती अंतर्गत 47 करोड़ 10 लाख रूपए के लागत से 27 कार्य, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सक्ती अंतर्गत 93 करोड की लागत से 15 कार्य और छत्तीसगढ़ हाऊसिंग बोर्ड सक्ती अंतर्गत 1 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से 2 कार्य शामिल हैं।


### कोटवार संघ की बैठक संपन्न



**सारंगढ** 26 सितंबर (देशबन्धु)। बरमकेला ब्लाक के कोटवार संघ की बैठक रेस्ट हाउस में सोमवार को कोटवार संघ के ब्लाक अध्यक्ष गिरधारी चौहान के अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोटवारों की भूमिस्वामी पट्टा व वेतन बृद्धि एवं कोटवारी नियुक्ति के संम्बध में विशेष चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष जयराम चौहान ने कहा की सारंगढ बिलाईगढ़ जिला नया जिला है हम सबको मिलकर जिले में संगठन को और मजबूत बनाना है। जिले के किसी भी कोटवार को परेशानी होती हैं तो हम सब मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। वर्तमान कांग्रेस की सरकार में हमारे मांग भूमिस्वामी पट्टा देने की प्रदेश अध्यक्ष किशोर बाघ द्वारा रखा गया है। मांग पूरा हो सकता हैं। चौहान समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल बाघे ने कहा कि संगठन में बहुत ताकत होती है संगठन की मजबूती ही आपकी मजबूती है। किसी एक कोटवार को कोई परेशानी होती है तो सब मिलकर उनका सहयोग करें। संगठन से बाहर जा कर काम करना उचित नहीं है। भूमिस्वामी मांग बहुत महत्वपूर्ण मांग है। छत्तीसगढ़ के प्रथम कांग्रेस की सरकार ने आप लोगो को भूमिस्वामी बनाया और पट्टा देकर कांग्रेस सरकार ने कोटवारों की सम्मान किया था।पूर्व भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में आया तब कोटवारों की पट्टा को रद्द कर कोटवारों का अपमान किया है। इस अवसर पर चौहान समाज के सरंक्षक सुभाष चौहान, बरमकेला ब्लॉक अध्यक्ष विशिकेशन चौहान, मयाराम ,सूरजकुमार,रोहित ,तेजकुमार, कृष्णा चन्द्र रामलाल, मोतीराम,निलमडी,पुनिराम, जलधर, नवीन किशोर नन्द, के अलावा सैकड़ों कोटवार उपस्थित थे।

### सेवानिवृत शिक्षकों का किया गया सम्मान

**डभरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। डभरा स्थित हाई कोर्ट अधिवक्ता एवं प्रदेश महामंत्री कमल किशोर पटेल के निवास में कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री विधि विभाग मानव अधिकार आरटीआई एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता कमल किशोर



पटेल द्वारा सुशील पटेल एवं नरेश पटेल सेवानिवृत प्रधान पाठक का श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल डभरा के प्राचार्य हेमचरण पटेल को श्रीफल एवं साल भेट कर सम्मानित किया गया । कमल किशोर पटेल ने समाज को हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से यशवंत पटेल ,विजय पटेल सचिव सोशल मीडिया केंद्रीय समिति, अविनाश पटेल केंद्रीय प्रचार सचिव, भूपेंद्र शंकर पटेल कोषाध्यक्ष क्षेत्रीय समिति, हेमंत पटेल शिक्षकगण संतोष पटेल और दिनेश पटेल एवं अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय समिति से उपाध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, सोशल मीडिया सचिव विजय पटेल, क्रीड़ा सचिव मनीष चौधरी, बाबूलाल पटेल और चतुर्भुज पटेल, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र शंकर पटेल, मीडिया प्रभारी इंद्रकुमार पटेल के साथ ही साथ सर्वश्री ओमप्रकाश पटेल सरपंच ग्राम साल्हे, ओमप्रकाश बबलू, यशवंत पटेल, सुशील पटेल, हेमंत पटेल, मनोज पटेल, चेतन पटेल, बिहारी पटेल, देवनारायण पटेल, भोला पटेल, रामकुमार पटेल, गोपाल पटेल, राधे पटेल, दिनेश पटेल, संतोष पटेल,, ब्रजेश नायक, अजय पटेल, विकी पटेल, गुंजन पटेल, मुरली पटेल, नेतराम पटेल, विष्णु पटेल, जगदीश पटेल, साहेबराम पटेल, उपस्थित थे।

### गांधी जयंती दो अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

जांजगीर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गांधी जयंती 02 अक्टूबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। गांधी जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफ.एल.1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. (घघ कंपोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा, जांजगीर एवं भंडारण भंडागार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

## लोक सेवा गारंटी, जनदर्शन, समय सीमा के लंबित प्रकरणों का करें निराकरण - कलेक्टर

**जांजगीर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज समय सीमा बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रदेश सहित जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने पर किए जाने वाले आवश्यक कार्यों की जानकारी देते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही धान खरीदी केन्द्रों के व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण, अंडा, केला वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने



राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी गौमूत्र खरीदी, गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, गौठानों अंतर्गत तालाबों में मछली पालन, सामुदायिक बाड़ी विकसित करने के साथ-साथ आजीविकामूलक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, रीपा के कार्य, मनरेगा, पीएम आवास, अधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कार्यों तथा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने किया 46 करोड़ 50 लाख के 80 विकास कार्यों का लोकार्पण

**जांजगीर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय से राज्य के 26 जिले के साथ-साथ जांजगीर-चांपा जिले में विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर जिले में कुल लागत राशि 46 करोड़ 50 लाख रुपए लागत से 80 कार्यों के लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इसमें 22 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से 58 कार्यों का लोकार्पण एवं 24 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से 22 कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' ध्येय वाक्य के साथ आम जनता के आय में वृद्धि करने के साथ-साथ लगातार अधोसंरचना का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्यो के साथ ही किसानों, मजदूरों, वनवासियों, युवाओं-महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए अनेक जन हितैषी कार्य चलाए जा रहे हैं




जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोकार्पित कार्यों में शिक्षा विभाग अंतर्गत 6 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से 42 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, सहकारिता विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख रूपए की लागत से 7 नग 200 मेट्रिक टन गोदाम सह कार्यालय भवन, जल संसाधन विभाग अंतर्गत 9 करोड़ 78 लाख रूपए की लागत से 4 नग हसदेव बागो परियोजना अंतर्गत सुरक्षा वाल एवं लाईनिंग और 2 करोड़ 27 कजीनाला में बोरदा स्टापडेम का निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम बोडसरा में 78.40 लाख रूपए की लागत से सी सी रोड (राधे लोहार के घर से मनबोधी यादव की घर की ओर) सडक सह नाली का निर्माण कार्य, जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड अकलतरा एवं बम्हनीडीह के ग्राम लिलवाडीह सहित अन्य ग्रामों में 1 करोड़ 15 लाख रूपए की लागत से सोलर आधारित नल जल योजना के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार भूमिपूजन के कार्यों में शिक्षा विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से 15 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, जल संसाधन संभाग जांजगीर 4 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से स्टापडेम निर्माण, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर के अंतर्गत 13 करोड़ 39 लाख रूपए की लागत से नहर में सुरक्षावाल, लाईनिंग, सौंदर्यीकरण कार्य और छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण जांजगीर के अंतर्गत 5 करोड़ 16 लाख रूपए की लागत से पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, नगर पालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष जय थवाईत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, भवन संनिर्माण एवं कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य मंजू सिंह, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रमेश पैगवार, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य नारायण खंडेलिया, दिनेश शर्मा, रामविलास राठौर, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत सीईओ डॉ ज्योति पटेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिता पर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार

**जांजगीर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। अपने पिता की हत्या करने के नियत से से प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं आहत के सिर में गंभीर चोट पर बेहतर इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर में भर्ती किया गया है। आरोपी द्वारा गाली गलौच सुनकर गुस्से में आकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 307,294,323, भादवि के तहत कार्यवाही की है।

मामले पर जांजगीर पुलिस ने बताया कि रात्रि 09.30 बजे आरोपी शंकर सारथी को उसके पिता दयाराम उर्फ बुढ़गा सारथी घर से निकाल रहा था और गाली गलौच कर रहा था, जो शंकर सारथी गुस्से में आकर अपने पिता को गाली देते हो कहकर, जान से मरने की नियत से पास में ही पड़े ईंट जिसमे सीमेंट मसाला चिपका था उसके सिर में



प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 307,294,323 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी शंकर सारथी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उपनिरीक्षक उपेंद्र मिश्र एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## संस्कृत का महत्व मानव जीवन में महत्वपूर्ण है-बीडी दीवान

**चाम्पा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। शास. एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चाम्पा में संस्कृत सप्ताह सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्य डॉ. बीडी दीवान ने कहा कि संस्कृत का महत्व मानव जीवन में महत्वपूर्ण है, हमको वेद, महापुराण, मानव जीवन में बहुत सीख देती है। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीके डहरिया ने कहा कि संस्कृत से प्रभावित है, हमारी संस्कृति । हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीआर महिपाल ने संस्कृत सप्ताह के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के बारे में बताया। हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनीता राठौर ने बताया कि संस्कृत हिन्दी भाषाओं की जननी है। संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किये गये जिसमें निबंध लेखन में प्रथम भाविका देवांगन, द्वितीय स्थान राजकिशोर मिरी, तृतीय स्थान प्रतिभा गोड़ व कपिलेश द्विवेदी रहें। संस्कृत श्लोकों का सस्वर वाचन संस्कृत संभाषण एवं संस्कृत सुभाषित श्लोक एवं उनका अर्थ बताने का आयोजन किया गया। संस्कृत श्लोकों का सस्वर वाचन में प्रथम स्थान कपिलेश द्विवेदी, द्वितीय स्थान राजकिशोर मिरी एवं तृतीय स्थान मुस्कान देवांगन को मिला। इसी तरह संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान भाविका देवांगन, द्वितीय स्थान रामगोपाल कुर्रे एवं तृतीय स्थान पर अक्षय कुमार रहे। महाविद्यालय के प्रयोगशाला तकनीशियन महेश राठौर द्वारा संस्कृत श्लोकों का वाचन किया गया एवं रामायण, महाभारत, रामचरित मानस, विनय पत्रिका के महत्व को प्रतिपादित किया गया।

## महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 376, 452, 506 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

मामले पर अकलतरा पुलिस ने बताया कि पीडिता को 3 सितम्बर की शाम 05.30 बजे अपनी घर पर अकेली थी तभी आरोपी ओमप्रकाश साहू सुनापन का फायदा उठाकर घर अंदर घुसकर पीडिता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया व किसी को बताने पर पीडिता के पति व बच्चे को जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर से आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 452, 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी ओमप्रकाश साहू साकिन लटिया (पकरिया) थाना अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तुल सिंह पट्टावी, उप निरी लालन पटेल, आर. प्रदीप दुबे, बृजपाल बर्मन, अजय भानू का सराहनीय योगदान रहा।

## राहुल गांधी का इंजी. रवि पाण्डेय ने सुत माला से किया अभिनंदन



**जांजगीर,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का माना विमानतल पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव इंजी. रवि पाण्डेय ने सुत माला से अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि राहुल गांधी एक दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर थे और दिल्ली लौटते समय कांग्रेस पदाधिकारियों से मुलाक़ात कर रहे थे । इस मुलाक़ात में इंजीनियर पाण्डेय ने डिजिटल सदस्यता अभियान में प्रदेश में प्रथम रहने की जानकारी देते हुए पूर्व में शक्ति प्रोजेक्ट में उनके द्वारा मिले सम्मान की याद दिलाई, इस पर राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दिया।

## छग राजभाषा आयोग के सम्मेलन में पुनीराम चन्द्रा की सहभागिता

**डभरा,** 26 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर छ.ग., के द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम 23 सितंबर एवं 24 सितम्बर को रायपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य एवं विनय कुमार पाठक राजभाषा आयोग के अध्यक्ष, डॉक्टर अनिल भतपहरी सचिव, मीर अली मीर के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिले से अनुभवी साहित्यकारों व विभिन्न विधाओं के लोक कलाकारों को काव्यपाठ व छत्तीसगढी भाषा के विकास विषय पर मार्गदर्शन व




सुझाव हेतु आमंत्रित किया गया था। इस विशाल कार्यक्रम में नगर पंचायत डभरा के वरिष्ठ साहित्यकार पुनीराम चन्द्रा पूनम को भी काव्यपाठ हेतु आमंत्रित किया गया था, उन्होनें कोरोना माहामारी विषय पर अपनी सुमधुर आवाज में छत्तीसगढ़ी भाषा में सरस काव्यपाठ कर उपस्थित श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। यहाँ यह भी बताना लाजमी है कि साहित्यकारों को नि:शुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराया गया था।

## तहसीलदार से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 26 सितम्बर (देशबन्धु)। तहसीलदार जांजगीर से मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा करने वाला आरोपी को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी आशीष कुमार मालू से तहसीलदार द्वारा विभागीय शासकीय कार्य दिए गए कार्य के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा ऊंची आवाज में गाली गलौच करते हुए मारपीट किया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 25 सितम्बर को प्रार्थी बजरंग साहू तहसीलदार जांजगीर ने थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के द्वारा कार्यालय में पदस्थ आरोपी आशीष कुमार मालू को दिए गए कार्य के संबंध में पूछताछ कर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण पूछे जाने पर



आशीष मालू के द्वारा गाली गलौच करते टर्मीनेट कर दो कहने लगा, तब प्रार्थी तहसीलदार के द्वारा अशीष मालू का कार्य आबंटन आदेश जारी करने का आदेश देकर वीडियो कॉन्फ्रेसिंग बैठक में शामिल होने चले गए, कुछ देर बाद आरोपी आशीष कुमार मालू कक्ष में आकार ऊंची आवाज में जान से मारने की धमकी देते हुए पानी के बॉटल से फेंक कर मारा और बाहर चला गया प्रार्थी कुछ समझ पाता उतने मे फिर आरोपी आशीष कक्ष अंदर आकर हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 332, 353 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी आशीष कुमार मालू उम्र 30 साल निवासी ब्लाक कालोनी जांजगीर को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किए जाने से आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, उपनिरीक्षक राजेश साहू एवं सायबर टीम जांजगीर का योगदान रहा।

## अजा आयोग अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सारंगढ़** 26 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी.खाण्डे, उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा)पदमा घनश्याम मनहर ने विश्राम गृह सारंगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के संबंध में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सचिव बी.एल. बंजारे उपस्थित थे। अध्यक्ष खाण्डे ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के महिला-पुरूष को गैर-अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को जातिसूचक अपमान जनक संबोधन, गाली-गलौज आदि एट्रोसिटी कानून के तहत है। ऐसी घटना राज्य में कहीं पर घटती है, तो वो पुलिस थाना में कार्रवाई के लिए विधिवत एफआईआर दर्ज कर सकते हैं साथ ही साथ अनुसूचित जाति आयोग को भी किसी भी माध्यम से सूचना दे




सकते हैं। प्राप्त सूचना या पत्र पर अनुसूचित जाति आयोग उस प्रकरण में सख्त कार्रवाई करेगा। इसी प्रकार अन्तर्राजातीय विवाह प्रोत्साहन राशि भी राज्य शासन के द्वारा दिया जाता है। सभी हितग्राही विधिवत आवेदन करें। गअनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष श्री खाण्डे ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के सीआर (गोपनीय चरित्रावली) में भी किसी अधिकारी के द्वारा सीआर में, पदोन्नति के कॉलम में-पदोन्नति योग्य नहीं लिखा जाता है और प्रतिवेदन भरने के बाद नियमानुसार अधीनस्थ कर्मचारी को सूचना नहीं दी जाती है तब ऐसी स्थिति में भी अधिकारी-कर्मचारी आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार श्री खाण्डे ने बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, हत्या आदि के प्रकरण में मुआवजा राशि की जानकारी दी। श्री खाण्डे ने एट्रोसिटी के जिले के प्रकरण के बारे में डीएसपी कुंवर से जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के सम्मानित सदस्य, महंत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, सीईओ द्वय अभिषेक बनर्जी, योगेश्वरी बर्मन, अन्त्यावसायी विकास के अधिकारी एम. के. भगत, पशुधन विकास विभाग के अधिकारी, नगरपालिका सारंगढ़ के रोशन यादव आदि उपस्थित थे।

# देश विदेश

## आर्मेनिया में गैस स्टेशन पर विस्फोट, 200 से अधिक घायल

**येरेवान।** आर्मेनिया के नागोर्नो-करबाख की राजधानी स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन पर विस्फोट में 200 से अधिक लोग घायल हो गए। आर्मेनियाई मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आर्मेनियाई स्वास्थ्य मंत्रालय ने आर्मेनप्रेस समाचार एजेंसी को बताया कि विशेषज्ञ स्टेपानाकर्ट के सहयोगियों के संपर्क में हैं और उन्हें सलाहकार सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार हेलीकॉप्टर द्वारा घायलों को आर्मेनिया के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

# ताइवान की 'स्वतंत्रता' के खिलाफ है नेपाल

## संयुक्त बयान में चीन के रूख का समर्थन

**काठमांडू,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के सुर में सुर मिलाते हुए नेपाल ने मंगलवार को कहा कि वह ताइवान की आजादी के खिलाफ है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की चीन की आधिकारिक यात्रा के दौरान जारी 13 पेज लंबे संयुक्त बयान के अनुसार, नेपाली पक्ष ने एक-चीन सिद्धांत के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

अब तक एक चीन नीति का हमेशा ही समर्थन करता आ रहा नेपाल यह मानता है कि ताइवान भी चीन का अविभाज्य अंग है, और नेपाल किसी भी प्रकार से ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 23 सितंबर को न्यूयॉर्क से चीन पहुंचे। उन्होंने हांगझोऊ में 19वें एशियाई



खेलों के मौके पर चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत की। सोमवार को पीएम दहल ने अपने चीनी पीएम ली कियांग से मुलाकात की और सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 12 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बयान के अनुसार, नेपाल-चीन ने विकास और समृद्धि के लिए टिकाऊ मित्रता की विशेषता वाले सहयोग की रणनीतिक साझेदारी को स्वीकार किया है, जिसे 2019 में राष्ट्रपति शी की नेपाल की यात्रा के दौरान बयान में शामिल किया गया था। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि विकास और समृद्धि के लिए मित्रता की विशेषता वाले चीन-नेपाल रणनीतिक सहयोग साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए पीएम दहल की यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है। संयुक्त बयान में चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर भी बात की गई, जहां यह जिक्र किया गया कि दोनों पक्ष उच्च गुणवत्ता वाले बेल्ट एंड रोड सहयोग को आगे बढ़ाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को गहरा और विस्तारित करेंगे।

## ली छ्यांग ने नेपाली प्रधानमंत्री से बातचीत की

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने सोमवार को पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आए नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड से बातचीत की। ली छ्यांग ने कहा कि चीन और नेपाल के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से अब तक के लगभग 70 सालों में दोनों देशों ने हमेशा एक-दूसरे का सम्मान, भरोसा और समर्थन किया है। द्विपक्षीय संबंधों का स्वस्थ और स्थिर विकास किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की लगातार नई उपलब्धियां हासिल हुईं। इसने बड़े और छोटे देशों के बीच समान व्यवहार, सहयोग और समान जीत का उदाहरण स्थापित किया है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हांगचो शहर में प्रधानमंत्री के साथ सफलतापूर्वक मुलाकात की और चीन-नेपाल संबंधों के विकास के लिए आगे की योजनाएं और व्यवस्थाएं कीं।

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन बोले

## स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं



**बुडापेस्ट,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा है कि स्वीडन के नाटो में शामिल होने की पुष्टि करने की कोई जल्दी नहीं है और उन्होंने नॉर्डिक देश से कहा है कि वो दूसरे देशों का सम्मान करे। शरद ऋतु सत्र के उद्घाटन के लिए संसद में बोलते हुए, हंगरी के प्रधानमंत्री ने सोमवार को कहा, स्वीडन के नाटो में शामिल होने के संबंध में समर्थन के लिए सरकार की ओर से कोई जल्दबाजी नहीं है और स्वीडन की सुरक्षा खतरे में नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वीडिश नाटो परिग्रहण का मुद्दा एक साल से अधिक समय से चर्चा में है। सैन्य गठबंधन के भीतर केवल तुर्की और हंगेरियन संसद को स्वीडन की सदस्यता को मंजूरी देना बाकी है। हाल के सप्ताहों में हंगरी और स्वीडन के बीच मतभेद बढ़ गए हैं। स्वीडिश स्कूलों में दिखाई गई एक पुरानी फिल्म फिर से सामने आई है, जिसमें हंगरी को यूरोपीय संघ में लोकतंत्र के एक बुरे उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। गुरुवार को, ओर्बन की फिडेज पार्टी के समूह नेता मेट कोक्सिस ने कहा कि इस बात की संभावना कम है कि हंगरी की संसद वर्तमान शरद ऋतु सत्र में स्वीडन पर मतदान करेगी।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 27 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। बुजुर्गों तथा पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

वृषभ - आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति रहेगी।

मिथुन - प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दु-ख होगा।

कर्क - मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह - पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरी में लाभ मिलेगा।

तुला - आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी। तन- मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित बनेगा।

वृश्चिक - आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की संभावना है।

धनु - गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

मकर - संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों तथा मित्रों के साथ मिष्ठान और सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद ले सकेंगे। पर्यटन का भी आयोजन होगा।

मीन - आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा। स्वजनों से दूर जाना होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में आज बहुत सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजीरिया में सुरक्षाकर्मियों ने अपहृत 16 लोगों को छुड़ाया

**अबुजा,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। नाइजीरिया के पश्चिमोत्तर प्रांत जामफारा में शुक्रवार को एक विश्वविद्यालय पर हुए हमले के बाद अपहृत 16 लोगों को सुरक्षाकर्मियों ने छुड़ा लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरल यूनिवर्सिटी गुसाऊ ने एक्स पर कहा कि बचाए गए 16 लोगों में 13 छात्र और तीन कर्मचारी शामिल हैं। बयान में कहा गया, सेना के समर्पित सदस्यों द्वारा संचालित बचाव अभियान ने हमारे नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। इस तरह से शुक्रवार तड़के घटित हुई इस घटना के बाद से अब तक बचाए गए लोगों की संख्या 22 हो गई है। उधर, सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध हमलावरों के साथ गोलीबारी के बाद उसी दिन छह लोगों को बचाया गया था। वहीं जामफरा के गवर्नर के प्रवक्ता मुगिरा यूसुफ ने कहा था कि विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित कम से कम 35 लोगों का अपहरण कर लिया गया।

## कनाडा ने नवीनतम यात्रा परामर्श में अपने नागरिकों से 'सतर्क रहने' को कहा

**टोरंटो,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर राजनयिक विवाद के मद्देनजर कनाडा ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा सलाह को अपडेट करते हुए उन्हें सतर्क रहने और सावधानी बरतने के लिए कहा है। कनाडा सरकार ने एक अपडेट में कहा, कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध-प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें। भारत ने पिछले सप्ताह कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों के लिए इसी तरह की सलाह जारी की थी, और कनाडाई नागरिकों



के लिए ई-वीजा सहित सभी श्रेणियों के वीजा को रोकने के अपने फैसले की भी घोषणा की थी। कड़े शब्दों में दी गई सलाह में कहा गया है कि कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से क्षमा किए जाने वाले घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए, वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों और यात्रा पर विचार करने वाले लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया जाता है।

## निज्जर की हत्या पर ट्रूडो के आरोपों से अमेरिका को 'गहरी चिंता'

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दोहराया है कि कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर उसे गहरी चिंता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा- हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं।

## चीन, यूरोपीय संघ व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करेंगे

**बीजिंग,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन और यूरोपीय संघ(ईयू) व्यापक आर्थिक नीति समन्वय को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर सहमत हुए हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापक आर्थिक नीतियों पर संचार और समन्वय को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने, वैश्विक आर्थिक तथा वित्तीय बाजारों की स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आर्थिक विकास में अधिक विश्वास लाने पर सहमति जतायी है। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्ष एकपक्षवाद और संरक्षणवाद की नीतियों का संयुक्त रूप से विरोध करने और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को



चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दी जानकारी

मजबूत करने पर भी सहमत हुए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के लिए खुले रहने और एक-दूसरे की कंपनियों को निष्पक्ष और गैर-भेदभावपूर्ण व्यवसाय वातावरण प्रदान करने का वचन दिया। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने स्थिर और पारस्परिक रूप से भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला बनाने और उनकी स्थिरता की रक्षा करने पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष निर्यात नियंत्रण नीति और अनुप्रयोग पर संचार करने के लिए एक निर्यात नियंत्रण संवाद तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए।

चीनी और यूरोपीय अधिकारियों ने सोमवार को बीजिंग में चीन-यूरोपीय संघ आर्थिक एवं व्यापार वार्ता के 10वें दौर की बैठक की। मंत्रालय ने कहा कि बातचीत व्यावहारिक, स्पष्ट और फलदायी रही।

## अफ्रीकी राजनयिकों ने देखा आयुर्वेद संस्थान का कामकाज

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीकी देशों के उच्चायुक्तों और राजदूतों के 15 सदस्यीय समूह ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया और आयुर्वेद और एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में की संभावनाएं तलाशीं। अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल यहां के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान पहुंचा और संस्थान के कामकाज का अनुभव लिया। प्रतिनिधि मंडल में बुरुंडी के राजदूत जनरल अलॉयस बिज़िदावी, इथियोपिया के राजदूत डेमेके एटनाफू अंबुलो, जिम्बाब्वे के राजदूत डॉ. गॉडफ्रे माजोनी चिपारे, लेसोथो से थबांग लिनुस खो लुमो सीडीए, मलावी के उच्चायुक्त लियोनार्ड मेंगेज़ी, गेब्रियल सिनिम्बो, नामीबिया के उच्चायुक्त? जैकलीन मुकांगिरा, रवांडा के उच्चायुक्त सिबुसिसो नडेबेले, दक्षिण अफ्रीका की उच्चायुक्त प्रोफेसर जॉयसे काकुरामत्सी किकासुमफंडा, युगांडा की उच्चायुक्त डेलिवे मुंबी और जाम्बिया के कार्यवाहक उच्चायुक्त ?शामिल रही। भारत की 2023 की अध्यक्षता के तहत जी- 20 समूह में शामिल होने के बाद, अफ्रीकी राष्ट्र पारंपरिक चिकित्सा और एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल की भारतीय चिकित्सा प्रणालियों की क्षमता का पता लगा रहे हैं।

## सुडोकू 6329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6329

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विदूषक, हँसी-मजाक करने वाला परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने-ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो-दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्यपुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाहवाही
१७. तीव्र लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा-छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6328

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ए | क | २ च | र | ■ | ■ | ३ अ | लं | ४ कृ | त |
| क | ■ | रि | ■ | ५ प | ड़ा | व | ■ | प | ■ |
| ६ प | वि | त्र | ■ | ट | ■ | ७ ग | लि | या | ८ रा |
| दी | ■ | ही | ■ | ९ रा | ह | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० म | न | ११ मा | नी | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | द्धि | ■ | णि | ■ | १३ दु | वि | धा | ■ | व |
| १४ सा | म | १५ रि | क | ■ | श्म | ■ | १६ र | १७ ह | न |
| धु | ■ | श्व | ■ | १८ क | नी | १९ ज | ■ | मे | ■ |
| २० बा | हि | त | ■ | त | ■ | २१ बा | द | शा | २२ ह |
| द | ■ | ■ | २३ बे | ई | मा | न | ■ | ■ | ठ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6329 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

## आज का इतिहास

1290 – चीन के चिली की खाड़ी में भूकंप से करीब एक लाख लोगों की मौत हुई।
1760 – मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।
1821 – मैक्सिको को स्वतंत्रता मिली।
1825 – इंग्लैंड में स्टॉकटन-डार्लिंगटन लाइन की शुरुआत के साथ दुनिया का पहला सार्वजनिक रेल परिवहन शुरू हुआ।
1833 ~ राम मोहन राय का इंग्लैंड के ब्रिस्टल में निधन।
1932–मशहूर निर्देशक यश चोपड़ा का जन्म हुआ।
1940 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली, जर्मनी एवं जापान ने धूरी राष्ट्र के समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1958 – मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को तैरकर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
1961 – सिएरा लियोन संयुक्त राष्ट्र का सौवां सदस्य बना।
1988 – अमेरिकी अंतरिक्ष यान %डिस्कवरी% का केप कैनेवरल से प्रक्षेपण।
1995 – बोस्निया में संघर्षरत तीन दलों के मध्य अमेरिकी मध्यस्थता में समझौता सम्पन्न।
1996 – अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान द्वारा क़ाबुल पर अधिकार, पूर्व राष्ट्रपति नजीबुल्लाह एवं उनके भाई को सरेआम फ़ांसी।
1998 – इंटरनेट सर्च इंजन गूगल की स्थापना हुई।
1998 – जर्मनी में सम्पन्न हुए चुनाव में गेरहार्ड श्रोयडर ने हेल्मट कोल को हराकर नये चांसलर बने।
2000 – वेनेजुएला की राजधानी काराकस में ओपेक देशों का शिखर सम्मेलन शुरू।
2002 – न्यूयार्क में विश्व बैंक व आइएमएफ़ की वार्षिक बैठक शुरू।
2003 – ध्वनि से भी अधिक तेज़ गति से उड़ने वाले ब्रिटिश एयर के कांकर्ड विमान ने न्यूयार्क से लंदन के लिए आख़िरी उड़ान भरी।

**बयान** सेना प्रमुखों के 13वें द्विवर्षिक सम्मेलन में भाग ले रहे हैं अमेरिकी सैन्य प्रमुख

# सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हिन्द प्रशांत क्षेत्र अमेरिका की प्राथमिकता

**नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका ने हिन्द प्रशांत को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुए कहा है कि यहां शांति , स्थिरता और नियम आधारित व्यवस्था उसकी प्राथमिकता है।**

**अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रेंडी जॉर्ज ने मंगलवार को यहां हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों के सेना प्रमुखों के 13वें द्विवर्षिक सम्मेलन से इतर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि इस सम्मेलन को सैन्य गठजोड़ बनाने की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह किसी एक देश या कुछ देशों के समूह के खिलाफ नहीं है।**

हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों के 13वें सम्मेलन का आयोजन भारत और अमेरिका यहां संयुक्त रूप से कर रहे हैं द्य

जनरल जॉर्ज ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र अमेरिका की प्राथमिकता है और इसीलिए वह इस क्षेत्र के मित्र देशों के साथ साझेदारी बढ़कर सहयोग को पुख्ता करने के प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना इस क्षेत्र में विभिन्न सहयोगी देशों के साथ विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों में हिस्सा ले रही । अभ्यास का उद्देश्य सेना के कौशल तथा क्षमता को बढ़ाना और सर्वोत्तम अनुभव को साझा करना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में नए साझीदार बन रहा है। जनरल पांडे ने एक सवाल के जवाब में स्पष्ट किया कि इस तरह के सम्मेलन का आयोजन किसी तरह का सैन्य गठजोड़ बनाने



यहां शांति, स्थिरता और नियम आधारित व्यवस्था अमेरिका की प्राथमिकता

के लिए नहीं है और ना ही यह किसी एक देश या कुछ देशों के समूह के खिलाफ है। इस सम्मेलन का उद्देश्य परस्पर विश्वास के आधार पर साझेदारी को मजबूत करना तथा एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझते हुए साझेदारी तथा मित्रता को पुख्ता करना है । उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों में हिन्द प्रशांत क्षेत्र की भूमिका निरंतर महत्वपूर्ण हो रही है तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति सभी की साझा जिम्मेदारी है। बाद में उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं जिनमें 20 देशों के सेना प्रमुख शामिल हैं जिससे सम्मेलन की प्रासंगिकता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से जुड़े देशों की सुरक्षा और समृद्धि भी परस्पर जुड़ी हुई है। जनरल पांडे ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में बड़ा देश होने के कारण भारत की भूमिका और बढ़ जाती है और वह किसी भी समस्या या चुनौती का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से किए जाने के पक्ष में रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में चुनौतियां हैं लेकिन सभी को मिलकर यहां शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

### दुनिया को जानें

## केन्या में करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों का वितरण

**नैरोबी,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के तहत सोमवार को करीब एक लाख स्वास्थ्य किटों के वितरण को हरी झंडी दिखाई। श्री रुटो ने कहा कि इन किटों का उपयोग देश भर में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा किया जाएगा। इसमें रोगों के उपचार से संबंधित आवश्यक उपकरण शामिल हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से करीब एक लाख सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के वितरण में आवश्यक जानकारी प्रसारित करेंगे। श्री रुटो ने केन्या की राजधानी नैरोबी में लॉन्च के दौरान कहा कि केन्यावासियों की देखभाल अब उनके घरों पर पूरी तरह से प्रशिक्षित घरेलू सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा की जाएगी। देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में लगभग 70 प्रतिशत मामले रोकथाम योग्य बीमारियों के कारण होते हैं लेकिन अब इन बीमारियों का पता सामुदायिक स्वास्थ्य प्रवर्तकों द्वारा लगाया जा सकता है। श्री रुटो ने कहा कि स्वास्थ्य किट का लॉन्च केन्या के लिए बीमारी से मुक्ति पाने की दिशा में एक साहसिक कदम है।

# खेल जगत

## मनु शीर्ष फॉर्म में, भारत पहले चरण के बाद 25 मीटर पिस्टल के टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आगे

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। अनुभवी मनु भाकर ने मंगलवार को यहां फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर की शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के अंत में शानदार सटीक राउंड के साथ बढ़त बना ली। भाकर 294-10× के स्कोर के साथ चीन की सिक्सुआन फेंग 292-9× के साथ आगे चल रही थीं, जो स्पर्धा के पहले चरण के अंत में भारत की ईशा सिंह के साथ 292-9× के बराबर थीं। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह का भी स्कोर 292 था, लेकिन वह तीसरे स्थान पर हैं क्योंकि सिक्सुआन और ईशा के नौ-नौ की तुलना में इनर 10 सर्कल में उन्हें 8 हिट मिले। भारतीय टीम की तीसरी सदस्य - रिदम सांगवान 290-6 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर हैं, भारत प्रिसिजन राउंड के अंत में टीम स्पर्धा में आगे चल रहा है।



# भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता स्वर्ण




**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारत ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रच दिया, जब सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल की चौकड़ी ने मंगलवार को यहां टीम प्रतियोगिता में जीत हासिल की। सुदीप्ति (चिंस्की पर), दिव्यकृति (एड्रेनालिन फ़िरफोड), हृदय (केमक्सप्रो एमराल्ड) और अनुष (एट्रो पर) की भारतीय टीम ने 209.206 प्रतिशत अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए। हांगकांग ने 204.852 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक है, जब जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने कांस्य पदक जीता था, जब खेल ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में अपनी शुरुआत की थी। भारत के तीनों स्वर्ण पदक 1982 के एशियाई खेलों में व्यक्तिगत इवेंटिंग, टीम इवेंटिंग और व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में आए, जो 1982 के बाद कभी आयोजित नहीं किए गए।

हांगझोउ से पहले भारत ने एशियाई खेलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। 2018 में, भारत ने घुड़सवारी में दो रजत पदक जीते, दोनों इवेंटिंग में आए, जिसमें फवाद मिर्जा व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे और फिर राकेश कुमार, आशीष मलिक और जितेंद्र सिंह के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

लेकिन सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल के युवा संयोजन ने मंगलवार को सभी बाधाओं को पार करते हुए हांगझोउ में भारतीय घुड़सवारी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ड्रेसाज में, प्रतियोगिता सवार और घोड़े के बीच समन्वय का आकलन करने के लिए होती है क्योंकि वे 20 गुना 60 मीटर के क्षेत्र में पूर्व निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते हैं, जिन्हें आंकड़े या मूवमेंट्स के रूप में जाना जाता है। सभी प्रतियोगिताओं में, घोड़े को तीन गति दिखानी होती हैं: चलना, घूमना और कैंटर के साथ-साथ अखाड़े में सममित रूप से रखे गए 12 अक्षरों वाले मार्करों के भीतर और बीच में सहज बदलाव। मंगलवार को, भारतीय सवारों और उनके घोड़ों ने कम से कम पेनल्टी अंकों के साथ इस सेट का प्रदर्शन किया, और इस प्रकार स्वर्ण पदक जीता।

सुदीप्ति ने कुल 66.706 अंक प्राप्त किये, दिव्याकृति को 68.176 अंक मिले, हृदय को 69.941 अंक मिले और अनुश को 71.088 अंक प्राप्त हुए और वे चीनी प्रतिस्पर्धियों से आगे रहकर शीर्ष स्थान पर रहे।

## हमारे लिए एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका : सविता

**नई दिल्ली,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। कप्तान और दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक में से एक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम को हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास है। भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर केसाथ पूल ए में है। पूल बी मे जापान, मेजबान चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान व इंडोनेशिया की टीमें है। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी बढिया फॉर्म जारी रखकर हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने को बेताब है। सविता की अगुआई में नेशंस कप जीतने से भारतीय महिला हॉकी टीम के हौसले बुलंद हैं और एशियाई खेलों में किसी भी टीम की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पूल ए मैच से करेगी। 2014 के बाद से भारतीय टीम सिंगापुर से तीन बार भिड़ी है और हर बार जीती है और उसने 2022 के महिला एशिया कप में उसे शिकस्त दी थी।

भारत की कप्तान सविता ने कहा, हमारे लिए लंबे इंतजार के बाद इस बार एशियाई खेलों में



स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का बढ़िया मौका है। हमने इसी के मुताबिक तैयारी की है। हमारा पहला लक्ष्य मैच दर मैच जीत फाइनल में पहुंचना है। हम इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पहले से कहीं ज्यादा प्रतिबद्ध है। हमारी हर खिलाड़ी जानती है कि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने से हमारी भारतीय टीम सीधे अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर लेगी। हमारे यही सबसे अच्छी स्थिति है। हम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत अपना ध्यान एफआईएच प्रो लीग और उसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 पर लगा सकते हैं। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमारी टीम सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पहले मैच के लिए जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में है। हमने अपनी खामियों को दुरुस्त कर एशियाई खेलों के लिए बढ़िया तैयारी की है। हमारी योजना दमदार आगाज कर सबसे पहले अंक तालिका में शीर्ष पर रहना है।

### भारत ने अब तक एक स्वर्ण व दो रजत सहित जीते हैं छह पदक

सूरज लता देवी की अगुआई में नई दिल्ली में 1982 में जब पहली बार महिला हॉकी को एशियाई खेलों में शामिल किया गया तो तब भारत ने अपने सभी पांचों मैच जीत स्वर्ण जीता था। भारतीय महिला हॉकी टीम 1982 में पहली बार इसे एशियाई खेलों में शामिल करने पर स्वर्ण तथा1998 में बैंकॉक में प्रीतम सिवाच की अगुआई में दक्षिण कोरिया से फाइनल में 1-2 से फिर 2018 रानी रामपाल की अगुआई में जकार्ता मृं जापान से फाइनल में 1-2 से हार रजत पदक सहित इन खेलों (1986, 2006, 2016) में तीन कांस्य सहित कुल छह पदक जीत चुकी है। चार बार 1990, 1994, 2002, 2010) में चौथे स्थान पर रहा।

## रमिता, दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम शूटिंग में कांस्य हारे



**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। कांस्य पदक पक्का करने के लिए उन्हें सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन भारत की रमिता जिंदल और दिव्यांश पंवार मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चार प्रयासों के बाद भी मैच नहीं जीत सके। युवा भारतीय जोड़ी को मंगलवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में कोरिया गणराज्य की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दिव्यांश ने मैच के बाद कहा, थोड़ा दबाव था, बराबरी भी थी। एक बार जब स्कोर 16 के पार हो जाए, तो कोई भी जीत सकता है और यह भाग्य की बात है। शुरुआत अच्छी थी, बीच में भी। मेरे पास कुछ खराब शॉट थे लेकिन रमिता शानदार थी और उसने उन खराब शॉट्स की भरपाई की। रमिता और दिव्यांश को शुरुआत में अच्छी बढ़त मिली और उन्होंने पहले आठ अंक जीते। हाजुन पार्क और युनसेओ ली की कोरियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-9 कर दिया। रमिता और दिव्यांश ने फिर से 11-9, 13-11,15-13 का अंतर बनाया लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ा सके। फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में 10 मीटर शूटिंग रेंज में कोरियाई लोगों ने अंततः भारतीयों को पछाड़कर तीसरे स्थान के लिए मैच 20-18 से जीत लिया। भारतीय यह मैच सबसे कम अंतर 0.2 अंकों से हार गए और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि उन्होंने शीर्ष छह में जगह बनाने और दो कांस्य पदक मैचों में से एक के लिए क्वालीफाइंग के माध्यम से संघर्ष किया था।

# हमारा लक्ष्य विश्व कप जीतना है : बाबर आजम

**लाहौर,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी टीम को लेकर आश्वस्त हैं और उनका लक्ष्य भारत में वनडे विश्व कप जीतना है। टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में श्रीलंका से हारकर एशिया कप 2023 से बाहर होने के बाद, बाबर की नज़र एक और बड़े टूर्नामेंट पर है।

मंगलवार को यहां विश्व कप 2023 के लिए प्रस्थान-पूर्व सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, बाबर आश्वस्त दिखे जब उनसे पूछा गया कि क्या वे मेगा-इवेंट के शीर्ष चार में रहने की कल्पना कर रहे हैं, जिस पर बाबर ने जवाब दिया; शीर्ष चार हमारे लिए एक छोटा लक्ष्य है। हम विजेता के रूप में आना चाहते हैं। हमारे पास विश्व कप से पहले एक साथ शिविर लगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं था क्योंकि हम लगातार बहुत लंबे समय से खेल रहे थे। हम खिलाड़ियों को एक ब्रेक देना चाहते थे ताकि वे तरोताजा होकर और जीतने के लिए भूखे होकर लौटें। जब आपमें वह भूख होती है तो आप अच्छा खेलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण कट्टर प्रतिद्वंद्वी केवल एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के



साथ खेलते हैं।


हम सभी को विश्व कप के लिए यात्रा करने पर गर्व है। हालांकि हमने पहले भारत में नहीं खेला है, लेकिन हम ज्यादा दबाव नहीं ले रहे हैं। हमने अपना शोध किया है और हमने सुना है कि परिस्थितियां वैसी ही हैं जैसी वे अन्य एशियाई देशों में खेलते हैं। इस बार कप्तान के रूप में यात्रा करना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है, मुझे उम्मीद है कि हम इस बार ट्रॉफी के साथ वापस आएंगे। बाबर ने नसीम शाह की टीम से अनुपस्थिति पर भी चिंता जताई और नई गेंद की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी, इसका खुलासा करने पर चुप्पी साधे रखी और इस समय अपनी रणनीतियों को अज्ञात रखने के टीम के फैसले पर प्रकाश डाला।

बाबर ने कहा, निश्चित रूप से, हमें नसीम शाह की कमी खलेगी क्योंकि शाहीन (आफरीदी) और नसीम ने एक साथ गेंदबाजी करते हुए हमें एक अलग बढ़त दी। उनके प्रतिस्थापन को चुनना आसान नहीं था, लेकिन हम सभी एक साथ बैठे और (मुख्य चयनकर्ता) इंजमाम उल हक से इनपुट लिया। हम हसन अली के साथ गए क्योंकि उनके पास अनुभव है। वह पहले भी विश्व कप खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि नई गेंद या पुरानी गेंद कौन फेंकेगा, क्योंकि हम अभी अपनी रणनीतियों का खुलासा नहीं कर सकते हैं। लेकिन हमने अभी कोई ठोस योजना नहीं बनाई है, जब हम भारत की यात्रा करेंगे और आकलन करेंगे तो यह हमारे लिए और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। मेगा टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हुए, पाकिस्तान मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना होने के लिए तैयार है, जहां वे शुक्रवार, 29 सितंबर को हैदराबाद में खाली स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेंगे।

## स्क्वैश के पूल बी मुकाबले में महिलाओं ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुषों ने सिंगापुर को शिकस्त दी

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला और पुरुष स्क्वैश टीमों ने मंगलवार को यहां अपने-अपने पूल चरण मैच में शानदार जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। महिला टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया जबकि पुरुष टीम ने सिंगापुर को हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।

महिलाओं की स्पर्धा में, अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन 15 वर्षीय अनाहत सिंह ने पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी। उन्होंने 18 मिनट तक चले मुकाबले में सादिया गुल को 3-0



(11-6, 11-6, 11-3) से हराया।

इस बीच, शीर्ष खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने नूर उल हुदा सादिक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 3-0 (11-2, 11-5, 11-7) से जीता। तीसरे मुकाबले में तन्वी खाना ने नूर उल ऐन को 3-0 (11-3, 11-6, 11-2) से हराकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय महिलाएं अपने आखिरी पूल बी मैच में बुधवार को मलेशिया से भिड़ने से पहले मंगलवार को नेपाल और मकाओ से भिड़ेंगी। इससे पहले दिन में, पुरुष टीम ने पूल ए मुकाबले में सिंगापुर को 3-0 से हराया।

हरिंदर सिंह संधू ने जेरोम क्लेमेंट जिन मिंग पर 3-1 (11-4, 13-11, 8-11, 11-7) से जीत हासिल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। फिर, सौरव घोषाल ने सैमुअल कांग शान म्यू को 3-0 (11-9, 11-1, 11-4) से हराकर बढ़त बना ली, अभय सिंह ने मार्कस फुआ जिया हुई को 3-0 (11-7,11-7, 11-7) से हराकर मुकाबला भारत की झोली में डाल दिया।

## भारतीय टीम की नजरें गोल्फ के सभी चार वर्गों में पदक जीतने पर

**हांगझोउ,** 26 सितंबर (एजेंसियां)। सात सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाले अपने मुकाबलों में शानदार हालिया फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद कर रही होगी। चार सदस्यीय पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, खलिन जोशी और एसएसपी चौरसिया होंगे, जबकि महिला टीम में अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनी प्रशांत शामिल हैं।

जहां लाहिड़ी और शर्मा को पुरुष वर्ग में स्वचालित बर्थ दी गई, वहीं अदिति को महिलाओं में समान सम्मान दिया गया। पुरुषों में जोशी और चौरसिया और महिलाओं में प्रणवी और अवनी भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सभी एमेच्योर और पेशेवर खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्वालीफायर के माध्यम से आए।

लाहिड़ी, सात के इस समूह में



एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2006 में ऐसा किया था, जब वह शौकिया थे। उन्होंने याद किया, वह एक अद्भुत एहसास था। लाहिड़ी ने एलआईवी टूर और एशियन टूर पर अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शीर्ष 3 प्रदर्शनों की एक श्रृंखला बनाई है, जबकि शुभंकर शर्मा ने 2023 (ब्रिटिश) ओपन में शीर्ष -10 में जगह बनाई, जो कि इस आयोजन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है; जाहिर तौर पर एशियाई खेलों में फिर से खेलने का अवसर मिलना। देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जिसे मैं संजोता हूं और इसके लिए उत्सुक हूं। ऐसा अक्सर नहीं होता है। इसलिए यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए हमेशा बहुत, बहुत महत्वपूर्ण घटना होती है। मैं वास्तव में पूरी टीम के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। मैं वास्तव में उनमें से कुछ को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। गोल्फ दल के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी, जिन्होंने दो ओलंपिक खेलों - 2016 में रियो और 2021 में टोक्यो में खेला है, ने कहा, हम सभी, पुरुष और महिला दोनों एक मजबूत टीम हैं। हमारे पास कुछ लोग हैं जो अच्छी फॉर्म में हैं ।

# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 सितंबर (देशबन्धु)। फिट होने पर वापसी पर वाले श्रेयस अय्यर के शतक तथा अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन द्वारा चटकाए तीन विकेट से भारत इंदौर में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मैच भी 99 रन से जीत 2-0 की विजय दाई बढ़त के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय वन डे मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम कर चुका है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव जैसे धुरंधरों के राजकोट में बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए टीम जुड़ने के बाद भारत की निगाहें इसमें भी ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दे उसका 3-0 से सूपड़ा साफ कर चेन्नै में आईसीसी वनडे विश्व कप में 8 अक्टूबर को पहले मैच से उसके हौसले पस्त होने की होगी। अपनी चोट से उबर रहे अक्षर पटेल तथा बढ़िया फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और शार्दूल ठाकुर भारतीय टीम के साथ तीसरे आखिरी वन डे अंतर्राष्ट्रीय टीम के साथ राजकोट नहीं आए हैं। वही शुरू के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों से बाहर रहे उपकप्तान हार्दिक पांडया और पहले मैच में पांच विकेट चटका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी टीम के साथ राजकोट में नहीं है। इन पांच दिग्गजों के तीसरे और वन डे के लिए भारतीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत के पास राजकोट के आखिरी वन डे के लिए एक मजबूत एकादश उपलब्ध है। अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेले

- ■ रोहित और विराट तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम से जुड़े
- ■ अश्विन की कोशिश स्पिन का जाल बुन विश्व कप के लिए दावा मजबूत करने की



जाने वाले मैच के लिए भारत को 13 खिलाड़ी उपलब्ध होंगे।

जहां तक अक्षर पटेल की बात वह तेजी से फिट हो रहे लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें फिट होने के लिए पूरा आराम देना चाहता है। ऐसे में खासतौर पर अश्विन राजकोट में तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच भी स्पिन का जाल बुनकर भारत को इसमें जीत दिलाने के साथ ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर खुद का वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने का दावा मजबूत करने के इरादे से उतरेंगे। दिग्गजों की वापसी पर भारत को तीसरे वनडे एकादश चुनने के लिए बेशक माथापच्ची करनी होगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एकादश में नियमित कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क और बैटिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श की तीसरे वनडे के लिए मेहमान टीम में वापसी और जोश हेजलवुड की पहले से ही मौजूदगी में तेज गेंदबाज आक्रमण सीरीज के शुरू के दो मैचों के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाज बेशक राजकोट में तीसरे और आखिरी मैच में बेहतर नजर आ रहा है। वन डे क्रिकेट विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि चोट से उबरने के बाद उसके धुरंधर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और अनुभवी तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट होने के साथ एकदम सही समय पर रंग में आए ही हैं टी-20 क्रिकेट के 360 डिग्री यानी किसी भी वक्त कहीं भी स्ट्रोक खेलने में सक्षम सूर्य कुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दोनों वन डे मैचों मैच के मिजाज के मुताबिक बड़ी पारियां खेल कर दिखाया कि वह घर में वन डे विश्व कप में टीम इंडिया के लिए धमाल करने को तैयार हैं। सोने पर सुहागा यह है कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रंग में होने और बदकिस्मती से यदि वन डे विश्व कप के शुरू होने तक अक्षर भी पूरी तरह फिट न पाए तो उनकी जगह लेने के लिए ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर-ं रविचंद्रन अश्विन एकदम तैयार हैं।

## सार संक्षेप

### 224 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

**लखनऊ।** 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 224 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने कहा, मोटोजीपी 224 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं।

### न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज 2- से जीती

**मीरपुर।** बंगलादेश बनाम न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबल में आज न्यूजीलैंड ने विल यंग (7) और हेनरी निकल्स (5) के अर्ध शतकों की बदौलत बंगलादेश को 91 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा कर सीरीज 2- से जीत ली है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। न्यूजीलैंड ने ऐलन (28) और फ़ॉक्सक्रॉफ़्ट शून्य का विकेट दस ओवर पहले 49 रन पर दो विकेट खोने के बाद संभलकर खेलते हुए 34.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड का तीसरा विकेट विल यंग के रूप में गिरा। उसने 8 गेंदों में 7 रन बनाये और उसे नासुम अहमद ने बोल्ड आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 3वें ओवर में तीन विकेट पर 13 रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये हेनरी निकल्स नाबाद (5) और ब्लंडल नाबाद (23) रन की बदौलत 175 रन बनाकर बंगलादेश को सात विकेट से हरा दिया। बंगलादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले जबकि नासुम अहमद के खाते में एक विकेट गया।

# अर्थ जगत

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 26 सितम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 2.91 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.49 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.28 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.48 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.19 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.55 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावे स्वीकार

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एक बड़ी राहत देते हुए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के

- **सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों ने विवाद से विश्वास-एक स्कीम के तहत एमएसएमई के 10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया**
- **एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना**
- **एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ**

10,000 से अधिक दावों को स्वीकार किया गया है, जिसका उद्देश्य एमएसएमई को कोविड-19 के महामारी काल के लिए राहत प्रदान करना है। इससे एमएसएमई को 256 करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान प्राप्त हुआ है और इससे गारंटी मुक्त करने के माध्यम से बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा। पेट्रोलियम और




प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 116.47 करोड़ रुपए की सर्वाधिक राहत प्रदान की गई। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एजेंसियों द्वारा निपटाए गए दावे और भुगतान की गई राशि शामिल है।

एमएसएमई के लिए विवाद से विश्वास एक राहत योजना की घोषणा वित्त मंत्री ने बजट भाषण 2023-24 में की थी। यह योजना वित्त मंत्रालय द्वारा 17 अप्रैल 2023 को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी। इस योजना के तहत राहत के लिए जीईएम पोर्टल पर दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 थी। जीईएम ने इस योजना के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित किया था।

व्यय विभाग ने 11 अप्रैल 2023 को दावा दायर करने की योजना और प्रक्रिया का विवरण देते हुए निर्देश जारी किया था। बाद में निर्माण कार्य खरीद और आय अनुबंधों को शामिल करने के लिए योजना का दायरा बढ़ाया गया।

योजना के तहत कम की गई निष्पादन सुरक्षा, बोली सुरक्षा और परिसमाप्त क्षति के 95 प्रतिशत के रिफंड के माध्यम से राहत प्रदान की गई थी। अनुबंधों के निष्पादन में चूक के कारण वंचित एमएसएमई को भी राहत प्रदान की गई। इस योजना के तहत प्रदान की गई राहत, कोविड-19 महामारी से गंभीर रूप से प्रभावित एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने और इसे बनाए रखने के सरकार के प्रयासों के अनुकूल थी।

## भारतीय कंपनियां व्यापारिक दौरों के लिए अमेरिकी वीजा में तेजी के पक्ष में



**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज चाहते हैं कि अमेरिका उन व्यापारियों को वीजा जारी करने में तेजी लाए जो व्यापार और निवेश के अवसर तलाशने के लिए वहां जाना चाहते हैं। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित भसीन ने दिल्ली में मंगलवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम में यह बात कही। कार्यक्रम में भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी मुख्य अतिथि थे। भसीन ने कहा कि जो भारतीय व्यवसायी व्यापार और निवेश के अवसरों के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, उन्हें वीजा मिलने में भारी देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने गार्सेटी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में मदद करने का अनुरोध किया। गार्सेटी ने 20वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश का दोतरफा प्रवाह हो रहा है, जिससे दोनों देशों में अधिक रोजगार और आय सृजन हो रहा है। अमेरिका में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों के महत्व को रेखांकित करते हुए, गार्सेटी ने बताया कि हाल ही में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका में आयोजित एक सम्मेलन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल सबसे बड़ा था, जिसमें 210 निजी कंपनियां शामिल थीं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत और अमेरिका को गतिरोध रहित संबंध बनाने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, जिससे न केवल दोनों देशों की, बल्कि पूरे विश्व की समृद्धि बढ़ेगी।

## पूनावाला फिनकॉर्प की को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लिए इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। साइरस पूनावाला समूह द्वारा संचालित नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड को इंडसइंड बैंक के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसकी योजना तीन महीने के भीतर इस क्रेडिट कार्ड को लॉन्च करने की है।

यह साझेदारी पूनावाला फिनकॉर्प को फ्लेक्सिबल और वर्सेटाइल रिटेल क्रेडिट के नए दौर का हिस्सा बनने में सक्षम बनाएगी। पूनावाला फिनकॉर्प के प्रबंध निदेशक अभय भूतड़ा ने कहा, हमें भरोसा है कि इंडसइंड बैंक के साथ यह साझेदारी तकनीक को पसंद करने वाले और वित्तीय तौर पर जागरूक भारतीय ग्राहकों को नए जमाने के हमारे फाइनेंशियल प्रोडक्ट से जोड़ेगी और इस तरह से गेम-चेंजर साबित होगी। पूनावाला फिनकॉर्प में हम अपने ग्राहकों को पूरी पारदर्शिता के साथ बिना किसी हिडेन चार्ज के सेवाएं देने में यकीन रखते हैं। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल है और उत्पादों की पेशकश अनोखी व अपनी श्रेणी में सबसे बेहतर है। इस कारण हमें उम्मीद है कि हमारे मौजूदा और संभावित ग्राहकों को असाधारण व बिना किसी रुकावट वाली सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

## एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज ने उज्जीवन एसएफबी से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड ने आज उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की जिसका उद्देश्य बैंक के ग्राहकों को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह गठजोड़ उज्जीवन एसएफबी के ग्राहकों को परेशानी मुक्त और सुविधाजनक ट्रेडिंग अनुभव प्रदान करते हुए बचत, डीमैट और ट्रेडिंग खातों से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। इस साझेदारी के दम पर और उज्जीवन एसएफबी की व्यापक अखिल भारतीय उपस्थिति का लाभ उठाकर, जहाँ यह बैंक 76 लाख से अधिक ग्राहकों को अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है, एसएमसी ग्लोबल अपने ग्राहक आधार का पूरी सक्षमता से विस्तार करेगा। साझेदारी की इस व्यवस्था के तहत एसएमसी ग्लोबल उज्जीवन एसएफबी ग्राहकों के ट्रेडिंग और डीमैट खातों के रिलेशन को हैंडल करेगा। कंपनी एसएमसी बैंक के ग्राहकों को पूर्ण और डिस्काउंट ब्रोकरेज सेवाएँ प्रदान करेगा। उज्जीवन एसएफबी के मौजूदा ग्राहक उज्जीवन एसएफबी मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से डीमैट खाता खोल सकते हैं। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड के निदेशक और सीईओ अजय गर्ग ने कहा, 'उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ हाथ मिलाना एसएमसी के लिए प्रतिष्ठा की बात है, क्योंकि यह साझेदारी बैंक के ग्राहकों को मोबाइल और डेस्कटॉप दोनों पर तेज़, सुरक्षित और परेशानी मुक्त व्यापार और निवेश अनुभव प्रदान करने का वादा करती है। यह साझेदारी एसएमसी ग्लोबल को पूरे भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज करने और अपने ग्राहक आधार को मज़बूत बनाने में मदद करेगी।' उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इतिरा डेविस ने कहा, अपने ग्राहकों को धन सृजन का एक अतिरिक्त मंच और अवसर प्रदान करने के लिए एसएमसी ग्लोबल के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है।

### सार संक्षेप

## आईटेल ने लांच किया किफायती 5 जी स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी आईटेल ने भारतीय बाजार में अब तक का सबसे सस्ता 5 जी स्मार्टफोन पी 55 पावर 5 जी और प्रीमियम किफायती स्मार्टफोन एस 23 लांच करने की घोषणा की जिसकी क्रमशः शुरूआती कीमत 9699 रुपए और 13999 रुपए है। कंपनी के सीईओ अरिजीत तालपत्रा ने इन दोनों स्मार्टफोन को लांच करते हुये कहा कि उनकी कंपनी ने स्मार्टफोन बाजार में पहली बार दो वर्ष की गांरटी लेकर आयी है। इसके साथ ही कंपनी ने एक बार टच स्क्रीन रिप्लेसमेंट की भी वारंटी दी है। उनकी कंपनी का लक्ष्य युवाओं को कम कीमत बेहतर फीचर के स्मार्टफोन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि 216 से भारत में कारोबार कर रही आईटेल के 1 करोड़ ग्राहक हो चुके हैं और अब इन दोनों नये स्मार्टफोन के बाजार में आने से उनके ग्राहकों की संख्या में तेजी से बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि अब तक उनकी कंपनी 1 हजार से कम कीमत के स्मार्टफोन बना रही थी लेकिन पहली बार 1 हजार से अधिक कीमत के स्मार्टफोन पेश कर रही है। उन्होंने बताया कि पी 55 5 जी स्मार्टफोन में 68 ऑक्टोकार प्रोसेसर है। 6.6 इंच एचडी डिस्प्ले वाले इस स्मार्टफोन में 5 एमपी का एआई डुअल रियर कैमरा और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट फास्ट चार्जिंग से लैस है। इसमें आठ जीबी रैम और 64 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9699 रुपए है और 12 जीबी रैम तथा 128 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 9999 रुपए है। उन्होंने कहा कि आईटेल एस 23 में 6.78 इंच 3डी एमोलेड कर्वड डिस्प्ले है। इसमें 5 एमपी का एआई रियर कैमरा और 32 एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसमें 5 एमएएच की बैटरी है। यह फोन 16 जीबी रैम और 256 जीबी रॉम में उपलब्ध है। इसकी कीमत 13999 रुपए है।

## बजाज ने लांच की 15 सीसी पल्सर एन15


गाजियाबाद। दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो ने 15 सीसी में नई पल्सर एन15 लॉन्च करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि पल्सर एन15 विस्तारित पल्सर पोर्टफोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनीखेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर एन25 और अविश्वसनीय रूप से सफल पल्सर एन16 शामिल हैं। पल्सर एन15 के साथ, भारत की सबसे कंपनी ने अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक परिवार को एक योग्य नया सदस्य मिला है। डिज़ाइन भाषा गतिशील और ऊर्जावान चरित्र रेखाओं, सख्त अनुपात और आधुनिक एयरो गतिशीलता का दावा करती है। यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च आरपीएम देता है। बेली पैन, फ्रंट फेयरिंग और फ्रंट फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं। बजाज ऑटो के अध्यक्ष (मोटरसाइकिल) सारंग कनाडे ने कहा, बीस साल पहले, हमने पहली पल्सर 15 सीसी मोटरसाइकिल लॉन्च की थी ।

# शेयर बाजार गिरा

**मुंबई,** 26 सितम्बर (एजेंसियां) वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टेक महिंद्रा, इंफोसिस, मारुति और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 78.22 अंक की गिरावट लेकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65945.47 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 9.85 अंक फिसलकर 19664.70 अंक रह गया।

इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.09 प्रतिशत टूटकर 32,066.50 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी लेकर 37,225.00 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1876 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां लाल जबकि शेष 27 हरे निशान पर रही।

बीएसई के छह समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान वित्तीय सेवाएं 0.21, हेल्थकेयर 0.15, आईटी 0.46, बैंकिंग 0.45, कंज्यूमर ड्यूरबल्स 0.23 और टेक समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत टूट गया जबकि एफएमसीजी 0.43, दूरसंचार 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.47 और रियल्टी समूह के शेयरों में तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.55, जापान का निक्केई 1.11, हांगकांग का हैंगसेंग 1.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 48 अंक की बढ़त लेकर 66,071.63 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 66,078.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,865.63 अंक तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 66,023.69 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत टूटकर 65,945.47 अंक रह गया।

निफ्टी आठ अंक बढ़कर 19,682.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,699.35 अंक के उच्चतम जबकि 19,637.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.55 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत फिसलकर 19,664.70 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही कंपनियों में टेक महिंद्रा 1.30, इंडसइंड बैंक 1.29, इंफोसिस 1.00, एशियन पेंट 0.89, कोटक बैंक 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.83, टाइटन 0.75, एक्सिस बैंक 0.58, बजाज फिनसर्व 0.56, विप्रो 0.31, पावरग्रिड 0.25, मारुति 0.08, आईटीसी 0.05 और एचसीएल टेक 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, तेजी पर रहीं कंपनियां नेस्ले इंडिया 1.45, टाटा स्टील 1.18, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.67, बजाज फाइनेंस 0.52, एचडीएफसी बैंक 0.39, एनटीपीसी 0.35, एलटी 0.32, अल्ट्रासिमको 0.24, टाटा मोटर्स 0.19, भारती एयरटेल 0.18, टीसीएस 0.16, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.13, रिलायंस 0.06, सन फार्मा 0.06, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.03 और एसबीआई 0.03 प्रतिशत हैं।

## जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन में नए सीईओ होंगे अमेजन के कार्यकारी डेव लिम्प

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। जेफ बेजोस की एयरोस्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन में बॉब स्मिथ की जगह सीईओ का पद निवर्तमान अमेजन के डिवाइस एंड सर्विस चीफ डेव लिम्प संभालेंगे। बेजोस ने ब्लू ओरिजिन के कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा, 'लिम्प की सीईओ के रूप में 4 दिसंबर से शुरुआत होगी और सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए स्मिथ 2 जनवरी को पद छोड़ देंगे।' लिम्प कंपनी के कई स्पेस प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण चरण में ब्लू ओरिजिन में शामिल हुए। सीएनबीसी को दिए एक बयान में, ब्लू ओरिजिन के प्रवक्ता ने कस्टमर-फर्स्ट माइंडसेट वाले इनोवेटर के रूप में लिम्प की प्रशंसा की, जिनके पास हाई-टेक इंड्रस्टी और बढ़ते हाई कॉम्प्लेक्स आर्गेनाइजेशन में बेहतरीन एक्सपीरियंस है। अमेजन डिवाइस एंड सर्विस के प्रमुख लिम्प, जो लगभग 14 साल से कंपनी के साथ हैं, ने अगस्त में पुष्टि की कि वह पद छोड़ रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज एंड सरफेस के प्रमुख रह चुके पनोस पानाय कथित तौर पर अपने हार्डवेयर बिजनेस की देखरेख के लिए अमेजन में शामिल हो रहे हैं। पानाय द्वारा अपने एलेक्सा और इको स्पीकर के लिए अमेजन डिवीजन को चलाने की संभावना है।

ब्लू ओरिजिन ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चंद्र लैंडर बनाने के लिए 3.4 बिलियन डॉलर का नासा कॉन्ट्रैक्ट जीता था। बेजोस ने अपने ईमेल में लिखा, 'स्मिथ के नेतृत्व में, हमारे वाहनों और इंजनों के लिए पर्याप्त बैकलॉग के साथ ब्लू ओरिजिन के सेल्स ऑर्डर कई अरब डॉलर तक बढ़ गए हैं।' उन्होंने कहा, 'जब बॉब शामिल हुए थे तब हमारी टीम 850 लोगों की थी जो बढ़कर आज 10,000 से अधिक हो गई है।


## बासमती चावल के निर्यात मूल्य में 3 डॉलर प्रति टन की कमी कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को कम करने पर विचार कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा कीमतों में कटौती के बाद उसका मुकाबला करने के लिए केंद्र बासमती चावल पर एमईपी को मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से लगभग 300 डॉलर प्रति टन कम कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने इसके लिए 1,050 डॉलर प्रति टन की कीमत तय की है। समझा जाता है कि केंद्रीय वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती निर्यातकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जहां स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय बासमती चावल की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सरकार इस सप्ताह इसकी घोषणा कर सकती है। चावल की कुछ किस्में निर्यात के लिए ही उगाई जाती हैं और उनका घरेलू बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले महीने सरकार ने नियमित बासमती चावल की आड़ में गैर-बासमती चावल की धोखाधड़ी वाली खेप को रोकने के लिए बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन तय करते हुये इससे कम कीमत के बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।



## ग्लोबल लेवल 50 प्रतिशत कर्मचारी स्थायी रूप से अपना सकते हैं हाइब्रिड कामकाज

**नई दिल्ली,** 26 सितम्बर (एजेंसियां)। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना है। अधिकांश व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कार्य विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) लाभ प्रदान करता है। अनुसंधान समूह ओमडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 69 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज विभिन्न पहुंच आवश्यकताओं वाले कर्मचारियों को अधिक अवसर प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। जबकि 67 प्रतिशत व्यवसाय इस बात से सहमत हैं कि हाइब्रिड कामकाज कर्मचारियों को स्थान संबंधी बाधाओं को खत्म करने की अनुमति देता है। 63 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह कर्मचारियों को एक एकजुट टीम के भीतर जुड़ाव महसूस कराता है। निष्कर्षों के अनुसार, लगभग 61 प्रतिशत का कहना है कि यह कर्मचारियों को कम हाशिये पर महसूस करने की अनुमति देता है और 59 प्रतिशत इस बात से सहमत हैं कि यह भर्ती लिंग अंतर को कम करने में मदद करता है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यवसाय अपने डिजिटल प्रौद्योगिकी विक्रेता और सेवा प्रदाता भागीदारों से बेहतर समर्थन की भी तलाश कर रहे हैं, 76 प्रतिशत व्यवसाय अपने मौजूदा डिजिटल आपूर्तिकर्ता संबंधों पर पुनर्विचार कर रहे हैं। ओमडिया के एनालिस्ट, मोबाइल वर्कस्पेस और

**मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के स्थायी रूप से हाइब्रिड या पूरी तरह से मोबाइल तरीके से काम करने की संभावना**

'फ्यूचर ऑफ वर्क' रिपोर्ट के लेखक एडम होल्टबी ने कहा, 'अलग-अलग कार्य शैलियों ने एंप्लॉय प्रोडक्टिविटी, सेटिस्फेक्शन और कस्टमर एक्सपीरियंस को प्रभावित किया है। व्यवसायों को कार्य पहल के सफल भविष्य के लिए डिजिटल पार्टनर्स, प्रोसेस और टेक्नोलॉजी की मदद की आवश्यकता है। होल्टबी ने कहा, 'हमारा रिसर्च सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स और टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करता है कि वे कस्टमर्स के डिजिटल वर्कप्लेस चैलेंजेस और ट्रांसफॉर्मेशन प्राथमिकताओं का समर्थन कैसे कर सकते हैं।'

# पति-पत्नी के बीच तीन साल से बातचीत न होने पर तलाक लेना बेहतर- डॉ. किरणमयी

## न्यायालय में प्रकरण लंबित होने व आवेदिका और अनावेदक दोनों पर एफआईआर दर्ज होने पर प्रकरण नस्तीबद्ध

### आज की सुनवाई में 37 प्रकरण में 18 प्रकरण नस्तीबद्ध

**बिलासपुर,** 26 सितंबर ( देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने आज ''प्रार्थना भवन'' जल संसाधन विभाग बिलासपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 227 वीं व जिला स्तर पर 14 वीं सुनवाई हुई। बिलासपुर में आयोजित जनसुनवाई में आज कुल 37 प्रकरणों में सुनवाई की गई।

आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका कोई कार्यवाही नहीं चाहती है इसलिए प्रकरण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। एक अन्य प्रकरण में दोनो पक्षों को सुना गया, जिसमें मामला नजूल विभाग में भूमि कब्जे का विवाद न्यायालय में लंबित होने के कारण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक प्रकरण में दोनो पक्ष को विस्तार से सुने जाने के दौरान ही आवेदिका ने बताया कि सिविल लाईन थाना बिलासपुर में आवेदिका की रिपोर्ट प्रकरण अनावेदकगणों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया है और अनावेदक पक्ष के रिपोर्ट पर आवेदिका और उनके पुत्री के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रकरण को आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं है। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनो पक्षों को सुना गया, आवेदिका कथन है कि अनावेदक ने 2017 में 03 तलाक दिया था। अनावेदक का कथन है कि उन्होंने 03 तलाक नहीं दिया है। दोनो पक्षों के बीच प्रकरण न्यायालय में लंबित है। इसलिए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक प्रकरण में अनावेदक पहले से शादीशुदा हैं यह जानते हुए भी आवेदिका अनावेदक के साथ अवैध रिश्ते में रहने के कारण प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित अनावेदक के अनुपस्थिति पर उनके अधिवक्ता द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका द्वारा अपने प्रकरण रायपुर अगली सुनवाई में रखने के लिए अनुरोध किया गया है। अनावेदक को उनके अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.10.2023 को उपस्थित होने की सूचना दिया जाता है, यदि अनावेदक अनुपस्थित रहते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। अन्य प्रकरण में पति पत्नि एक साथ एक ही घर में रह रहे हैं और दोनो के बीच पिछले 03 साल से बातचीत बन्द है। इस प्रकरण की कॉपी संरक्षण अधिकारी को दी गई ताकि दोनो के बीच काउसलिंग कराया जा सके। काउंसलिंग के बाद भी दोनो के बीच समझौता नहीं होने की स्थिति में तलाक प्रक्रिया की कार्यवाही की जा सकेगी। अधिकांश मामलों में आवेदिकाओं ने अपना प्रकरण इसलिए वापस ले लिया कि उनकी समस्याओं का समाधान आयोग में सुनवाई के पहले ही हो गया। आयोग की नोटिस मिलने के बाद तत्काल अनावेदकगण आवेदिका से समझौता कर रहे हैं, यह आयोग की सबसे बड़ी उपलब्धि है।






# एकाकी जीवन जीने वाले युवक की घर में मिली खून से लथपथ लाश



**बिलासपुर**, 26 सिंतबर (देशबन्धु)। ग्राम कोरमी में रहने वाले 36 वर्षीय सुखनंदन धुरी की खून से लथपथ लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सुखनंदन धुरी की लाश उसके अपने ही घर में कुर्सी पर बैठी हुई अवस्था में पाई गई है, जिसकी गर्दन एक तरफ लुढ़की हुई थी। जांच में पता चला कि उसके गर्दन पर किसी ने धारदार हथियार से हमला किया था। पूछताछ में शुरुआती जानकारी यह मिली है कि रात में सुखनंदन अपने किसी परिचित के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान विवाद के बाद अज्ञात व्यक्ति ने कुल्हाड़ी जैसे किसी हथियार से वार कर उसकी जान ले ली और फरार हो गया । घटनास्थल पर शराब की खाली बोतल और डिस्पोजल आदि मिले हैं। पता चला कि मृतक शराब पीने का आदि था और घर में अकेला रहता है। अक्सर उसके घर पर शराब की महफिल सजती थी, जो उसके लिए जानलेवा साबित हुई। मौके पर पहुंची सिरगिट्टी पुलिस मर्ग पंचनामा कर हत्यारे की तलाश कर रही है।

## सार-संक्षेप



### आप नेत्री डॉक्टर उज्वला कराडे शहर के सभी गणेश पंडालों में जाकर कर रही आराधना

**बिलासपुर,** 26 सितंबर ( देशबन्धु) । आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयुक्त सचिव डॉक्टर उज्वला कराडे आज बिलासपुर के सरकंडा व टिकरापारा में विराजे विघ्नहर्ता की आराधना करने पहुंचे उन्होंने कहा कि रिद्धि सिद्धि के स्वामी विघ्नहर्ता गणेश जी सभी को सुख शांति बुद्धि व समृद्धि प्रदान करें। इन दिनों पूरे शहर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है इस बीच डॉक्टर उज्वला कराडे शहर के सभी गणेश पंडालों में जाकर गणेश जी की आराधना कर रही है जहां उन्हें आयोजक समिति एवं स्थानीय लोगों के द्वारा काफी स्नेह प्रदान किया जा रहा है । इसी क्रम में आज डॉक्टर उज्वला कराडे सरकंडा व टिकरापारा क्षेत्र के गणेश जी पंडालों में पहुंची आयोजक समिति के द्वारा उनका पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया । इस आत्मीय स्वागत के लिए उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया है डॉ उज्वला कराडे ने कहाँ कि आप सभी से मिल रहे स्नेह व आशीर्वाद लिए मैं आप सभी की आभारी हूं आपका प्यार स्नेह आशीर्वाद सदैव बना रहे। शहर में राजनीतिक क्षेत्र में काफी कम समय में अपना बड़ा नाम बनाने वाली आम आदमी पार्टी की नेत्री डॉक्टर उज्वला कराडे की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती दिखाई दे रही है। इस दौरान डॉ उज्वला कराडे जी के साथ देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ,वार्ड अध्यक्ष तरुण किशोर , वार्ड अध्यक्ष आजम मिर्जा गणेश उत्सव आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं भारी मात्रा में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के 11वें दिन पेयजल की उपलब्धता व टंकियों की पानी की शुद्धता जाँची गई




**बिलासपुर,** 26 सिंतबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों एवं कालोनियों में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिनांक 26 सितम्बर को स्वच्छ नीर थीम पर स्टेशनों में पानी की व्यवस्था, आपूर्ति के स्रोत, टंकी की पानी की शुद्धता तथा पीने के पानी के स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। मंडल के सभी कार्यालयों, यूनिटो, रेलवे कॉलोनियों, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशनों पर सप्लाई किए जाने वाले पानी की व्यवस्था एवं उपलब्ध कराए जा रहे पानी की शुद्धता की जांच की गई। साथ ही मंडल के सभी स्टेशनों पर पेयजल व्यवस्था के आसपास के स्थानों की गहन साफ-सफाई कर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई ।नामित अधिकारियों द्वारा ट्रेनों में साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया तथा पीने के पानी के लिए चेकिंग में उपयोग आने वाले टेस्टिंग किट एवं रसायनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। साथ ही पेयजल के स्थानों को गंदगी ना करने, पेयजल के स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने में रेल प्रशासन को सहयोग करने की अपील यात्रियों से की गई।

# पट्टाधारियों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ - महापौर

**बिलासपुर**,26 सितंबर ( देशबन्धु) बेजा कब्ज़ा धारियों के पास जमीन का पट्टा न होने से आवास सहित सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। हमारे मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल की पहल पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. यह बातें बिलासपुर महापौर ने जोन क्रमांक 7 अंतर्गत आने वाले 47नंबर वार्ड के बेजा कब्ज़ाधारियों को पट्टा वितरण कार्यक्रम के दौरान कहीं. उन्होंने 96 लोगों को जमीन का पट्टा वितरण किया। जिसमें कुटीपारा, बिलासा डेयरी और मोपका के रहवासी शामिल थे।



महापौर रामशरण यादव ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर इंसान चाहता है उसका खुद की जमीन और मकान हो. जिसमें वह अपने परिवार के साथ खुशी से रहे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों को जमीन का पट्टा दिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई है. महापौर रामशरण यादव ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. इस अवसर पर नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन, एमआईसी मेंबर और पार्षद श्रीमती संध्या तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि लाला यादव, साखन दर्वे, जोन कमिश्नर खेल कुमार, प्रभारी कार्यपालन अभियंता संदीप श्रीवास्तव, इंजीनियर आशीष पाण्डेय, हरीश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# युवा हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनें-कुलपति

### वाणिजय विभाग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**बिलासपुर** , 26 सिंतबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ के अंतर्गत वाणिज्य विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बीकॉम एवं एमकॉम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के रजत जयंती सभागार में दोपहर 1 बजे से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



इंडक्शन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने उच्च शिक्षा की पहली सीढ़ी पर कदम रखने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अध्ययन के साथ-साथ अपने कौशल का विकास कीजिए ताकि आने वाले समय में आप रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि देने वाले आत्मनिर्भर उद्यमी बनें। उन्होंने कहा कि अध्ययन का कोई विकल्प नहीं है ऐसे में किताबों को दोस्त बनाइये। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि वाणिज्य का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में सहज रूप से व्यावसाहिक साहस होता है। जिसका प्रयोग व्यवसाय के उन्नयन तथा विकास में नवाचार एवं नवीन प्रयोगों केम माध्यम से किया जाता है।

उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्टार्ट अप की स्थापना, व्यापार की बारीकियों के साथ वाणिज्यिक अनुशासन के विषय में विस्तार से बताया। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मूल्य आधारित शिक्षा, कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता के विचार पर बल दिया गया है। विश्वविद्यालय में कौशल में विकास के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य विषय के विद्यार्थी के तौर आप सभी से नैतिकता, न्यायप्रियता और नियमों के प्रति जागरुकता अपेक्षित है। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती एवं संत गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित किये। साथ ही मंचस्थ अतिथियों को नन्हा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भुवना वेंकटरामन ने दिया।

विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव तथा अधिष्ठाता वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ ने अपने विचार व्यक्त किये। इसके अतिरिक्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों के बारे में प्रो. सीमा राय आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, प्रो. अनुपमा सक्सेना संयोजक आतंरिक शिकायत समिति, डॉ. राजकुमार नागवंशी कुलानुशासक मंडल, डॉ. टी.आर. रात्रे छात्रवृत्ति एवं फैलोशिप, प्रेमनाथ कमलेश ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी ने जानकारी दी। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों एवं वाणिज्य विभाग के पूर्व छात्रों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलेष द्विवेदी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बुद्धेश्वर सिंगरौल ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग एवं प्रबंध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्षगण शिक्षणकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर में खेलकूद प्रतियोगिता आज

**बिलासपुर**, 26 सितंबर ( देशबन्धु) । 1 अक्टूबर को अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिको के अनुकूल क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनांक 27.09.2023 को सुबह 10.00 बजे स्थान अनुभव भवन, वृहस्पती बाजार - बिलासपुर में वरिष्ठजनों के लिये लुडो, मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, गोला फेक, थ्रो बॉल के साथ ही क्विज गेम को सम्मिलित किया गया है। सभी प्रतिभागी 2 से अधिक खेलो में शामिल नहीं होंगे। उक्त क्रीड़ा प्रतियोगिता का दायित्व प्रशांत मोकाशे, सहायक सांख्यीकीय अधिकारी, जिला पुनर्वास केन्द्र बिलासपुर, प्रशांत द्विवेदी शिक्षक,संजय खुराना शिक्षक, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय बिलासपुर को सौपा गया हैं। क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले को दिनांक 01 अक्टूबर 2023 के मुख्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# अभाविप की नई कार्यकारिणी का गठन

**बिलासपुर**,26 सितंबर ( देशबन्धु) । आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की पुरानी कार्यकारिणी को समाप्त करते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बिलासपुर विभाग सगठन मंत्री यज्ञदत्त वर्मा विभाग सयोजक आयुष तिवारी प्रांत विश्वविध्यालय हिमांशु कौशिक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पाठक महानगर मंत्री जितेंद्र साहु उपस्थित रहे। आज सह मंत्री संस्कार चौबे के द्वारा विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें घनश्याम साहू जी को विश्वविद्यालय अध्यक्ष का दायित्व दिया गया और अतिंद्रा दीवान को मंत्री और उपाध्यक्ष में सुजय पांडे , राजेश साहू , श्रेया कौशिक , अरमान खान , डेज़ी सिन्हा को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

# महिला सुरक्षा के मुद्दे पर बीजेपी-कांग्रेस असंवेदनशील-आप

**बिलासपुर**, 26 सितंबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर प्रदेश एवं जिला आप कमेंटी द्वारा आज बिलासपुर में नेहरू चौक पर बढ़ते महिला अपराध के खिलाफ 26 सितंबर को विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश दर्ज कराया एवं कलेक्टर महोदय के माध्यम से गृह मंत्री को ज्ञापन सौपा।



आम आदमी पार्टी कार्यसमिति ने प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रदेश की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार बुरी तरह विफल रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति महिलाओं की बदतर स्थिति तो है ही इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा के तमाम तंत्रों के बीच रहने वाली अन्य महिलाओं के साथ भी दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं कांग्रेस के शासनकाल में लगातार बढ़ी हैं। आप नेता व प्रदेश सचिव प्रियंका शुक्ला ने कहा कि बीजेपी-कांग्रेस दोनों ही महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। चुनावी साल में महिलाओं के लिए केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल लाकर अपनी पीठ थपथपा रही है वहीं आगे यह भी बोला कि छत्तीसगढ़ सरकार तमाम फौरी दावे कर साबित करने में जुटी हुई है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ क्राइम रेट घट रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत जगजाहिर है। खगेश चंद्राकर ने बोला कि वीवीआईपी के दौरों के लिए चौकस सुरक्षा व्यवस्था की जाती है, इसी बीच नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े के अनुसार छत्तीसगढ़ में हर दिन रेप की तीन घटनाएं होती हैं। जबकि इससे कई गुना ज्यादा केसेस रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं होते हैं। साथ ही महिला विंग की आशना जायसवाल ने प्रदेश सरकार को आगाह करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर यदि जल्द ही कोई ठोस पहल नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। प्रदेश संयुक्त सचिव उज्ज्वला कराडे ने भी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारें महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एवं बलात्कार जैसी घटनाओं को रोकने में विफल साबित हो रही है । आज के कार्यक्रम प्रियंका शुक्ला, उज्जवला कराने, धरम भार्गव, गोपाल यादव, वीरेंद्र राय अरुण नायर, खगेश चंद्राकर, प्रमोद पटेल ,अरविंद कुमार पांडे ,राकेश लूनिया, हीरो देव सोनवानी, इरफ़ान सिद्दीकी, रोमेश साहू, आसना जायसवाल, भागवत साहू , उमेश कुमार टंडन, किशन कुमार, प्रियंका रवानी, अरुण पांडे, चिंता देवी, परदेसी रात्रे, नरेंद्र यादव ,चंद्र कुमार साहू, आजम मिर्जा, लीलाधर सोनी, संजय डोंगरे ,सनत कुमार गोयल, रूपेश सिंह ,अमृतलाल पटेल, लीलावती ,सुरेंद्र कुमार नोनिया , राजेंद्र लोरिया, विवेक यादव, देवेंद्र कुर्रे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवर्तन यात्रा में बरसे भाजपाई कांग्रेस सरकार ने 12 लाख लोगों से उनके आवास का अधिकार छीना - नित्यानंद राय



**बिलासपुर** ,26 सितंबर (देशबन्धु) । भाजपा की परिवर्तन यात्रा हर एक विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही है. जगह-जगह परिवर्तन रथ का पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है. वहीं आज परिवर्तन रथ मस्तूरी पहुंचा। जिसका मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णामूर्ति बांधी और सभी मंडलों से रिसदा पहुंचे युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. और रथ को बाइक रैली के साथ खैरा पहुंचे। इस दौरान खैरा स्टेडियम के आम सभा में मस्तूरी विधायक डॉ. बांधी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि इस सरकार से जनता मुक्ति चाहती है और परिवर्तन होना तय है।

बता दें कि 15 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा जशपुर से शुरू हुई. आज 12वें दिन परिवर्तन रथ मस्तूरी पहुंचा. जहां मस्तूरी के खैरा मैदान में आमसभा का आयोजन किया गया इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने प्रदेश के कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला. उन्होंने उपस्थित जनता को प्रधानमंत्री आवास योजना नहीं मिलने का कारण प्रदेश सरकार को बताया. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार के कारण राज्य के 12 लाख गरीबों का आवास नहीं बन पाया, जिसकी राशि वापस चली गई. उस राशि को प्रदेश भाजपा ने केंद्र से आग्रह कर फिर से वापस लाया है ।पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने अपने शासनकाल में ना एक नया स्कूल बनाया और न हीं सड़क और पुलिया बनाई. जब से सरकार सत्ता में आई है प्रदेश का विकास गर्त में चल गया है।

NECC

| 27.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188